हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025



## खबर संक्षेप

### रात्रिकालीन फुटबॉल स्पर्धा का 10 से आगाज़

**राजनांदगांव।** काका फुटबॉल क्लब द्वारा स्थानीय स्टेट हाईस्कूल में आयोजित 7ए साइड रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज 10 अप्रैल से होगा। राजनांदगांव के फुटबॉल के खेल व खेलप्रेमियों के लिए एक नए अध्याय जोड़ेगा। इसमें आईपीएल की तर्ज पर कुल 10 टीम होंगी, जिन्हें टीम मालिक खिलाड़ियों का चयन करेंगे। जिसमें प्रत्येक टीम लीग मैच अपने-अपने ग्रुप की टीमों से लीग मैच खेलेगी और दोनों ग्रुप की श्रेष्ठ 2-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेगी।

राजनांदगांव के समस्त फुटबॉल प्रेमियों के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिलेभर के श्रेष्ठ खिलाड़ियों में से कुल 120 खिलाड़ियों का चयन, टीम मालिकों द्वारा किया जाएगा। जिससे 10 टीम तैयार की जाएगी। विजेता टीमों को 71000 रुपए नगद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उपविजेता टीम को 41 हजार रुपए व ट्राफी एवं साथ में आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया ने बताया की प्रतियोगिता के सभी मैच राजनांदगांव के स्थानीय स्टेट हाईस्कूल मैदान में खेले जाएंगे, जो एक अच्छा मैदान है। यह प्रतियोगिता फुटबॉल खिलाड़ियों में नई ऊर्जा प्रदान करेगी। खेल शिक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि राजनांदगाव के अधिकांश स्थानीय खिलाड़ियों की भागीदारी इस प्रतियोगिता को और खास बनाती है।

### चाकू लहराकर डराने वाला पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर की सूचना पर चिखली शराब भट्ठी के पास रोड किनारे धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे भास्कर खान 24 साल निवासी दीनदयाल नगर चिखली को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### मांय एंगल




# शराब कंटेनर तक पहुंची पुलिस, कॉल डिटेल की जांच में सामने आ रहे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी रोड स्थित फार्म हाउस में शराब की अवैध बॉटलिंग किए जाने वाले मामले में पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ा दी है। छत्तीसगढ़ समेत कुल पांच राज्यों में पुलिस की टीम दस्तक देकर पूछताछ करने में जुटी हुई है।

इस मामले में जिस कंटेनर में शराब की खेप लाई गई थी, उसको भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। इसके साथ ही पकड़े गए आरोपी सोनू नेताम के फोन की डिटेल निकाल ली गई है। इससे मिली जानकारी के अनुसार भी पुलिस अपनी कार्रवाई आगे बढ़ा रही है।

## अब तक मामले में ग्यारह आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

### इन शहरों में पहुंची टीम

पुलिस की टीम ने इस मामले में कुल पांच राज्यों में अपनी जांच की है। इसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों के साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार एवं तेलंगाना राज्य शामिल हैं। इन राज्यों में पहुंचकर पुलिस की टीम आरोपियों के साथ ही शराब की खेप एवं नकली होलोग्राम व स्टीकर की छपाई का पता लगा लिया है। अब इस मामले में कंटेनर की जब्ती भी कर ली गई है।



### ब्यूरो में शिकायत

इधर शहर के पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने इस मामले की शिकायत राज्य के आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में भी की है। श्री ओस्तवाल ने कहा कि राज्य की पूर्व सरकार में शराब घोटाला और नकली होलोग्राम के मामले में कई नेता और अफसर चपेट में है।

### कॉल डिटेल करेगा खुलासा

पुलिस ने जब आरोपी सोनू नेताम को पकड़ा था, उससे पहले ही सोनू ने अपने मोबाइल के पूरे डेटा को डिलीट कर दिया था। ऐसे में पुलिस को एक्सपर्ट के जरिये मोबाइल का डिलीटेड डाटा वापस हासिल करना पड़ा। अब सीडीआर मिलने के बाद पुलिस उसकी भी गहन जांच कर रही है। सूत्रों की माने तो डोंगरगढ़ के कई नाम इस कॉल डिटेल में सामने आ रहे हैं। पुलिस उन लोगों से भी पूछताछ कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि चार दिन पहले इस मामले का खुलासा होने के बाद से ही हड़कंप मचा हुआ है। कई रसूखदारों के नाम इस मामले में सामने आ सकते हैं। यही कारण है कि पुलिस महकमा भी जांच में पूरी गंभीरता दिखा रहा है। जिला पुलिस महकमा के अलावा आईजी दीपक झा भी पूरे मामले पर अपनी नजरें बनाए हुए हैं। अवैध बॉटलिंग को लेकर हर पहलू से जांच करने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया गया है। आरोपी से भी लगातार पूछताछ की जा रही है। हालांकि आरोपी अपना बयान बार-बार बदल रहा है। जिससे पुलिस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## धान खरीदी से लेकर खाद-बीज लेने में किसानों को मिलेगी सहायता

# सहकार से समृद्धिः पुनर्गठन के बाद चार जिलों में बढ़ेगी 140 सोसायटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा हर गांव में सोसायटी को अस्तित्व में लाए जाने की प्रक्रिया पर राज्य सरकार ने अपनी कवायद शुरू कर दी है। सहकार से समृद्धि लाने के लिए राज्य सरकार ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन 222 सोसायटियों का पुनर्गठन करते नई 140 सोसायटियों को अस्तित्व में लाने की कवायद की है। इसके बाद अब जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत चार जिलों में 362 सहकारी समितियां हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक लगातार सहकार के क्षेत्र में बेहतर काम करने की कवायद में जुटी हुई है। सहकारिता के क्षेत्र में आधुनिकता लाने के साथ ही हर किसान तक आसान तरीके से सहकारी समितियों की पहुंच करने की मंशा से अब प्रदेशभर में सहकारी समितियों का पुनर्गठन किया गया है। इसका लाभ राजनांदगांव, कवर्धा, एमएमसी सहित केसीजी जिले के भी किसानों को मिलेगा। अब इन किसानों को खाद, बीज, ऋण से लेकर धान बिक्री तक के लिए अपने गांव के करीब ही सहकारी समितिया मिल जाएगी।

⏩ शेष पेज 14 पर




### राजनांदगांव में सर्वाधिक नई समिति

धर्मापुर, अंजोरा, मनकी, आरला, संबलपुर, मलपुरी, बुद्धभरदा, बोईरडीह, केशाल, जयसिंगटोला, बूचाटोला, मुढिया, पुरैना, खुड़मुडी, सोनेसरार, गोडलवाही, घुपसाल, जरहामहका, झाड़ीखैरी, सड़क चिरचारी, भानपुरी, देवकट्टा, पीटेपानी, झिंझारी, कनेरी, रामपुर, झंडातालाब, मचानपार, ब्रम्हनी, बम्हनीभाटा, घुघवा, मोहड़, आमगांव, चिरचारीकला, आतरगांव, धनगांव, आसरा, भोथली, पीपरखारकला, पिपरिया, कुरूभाठ, रेंगाकठेरा, डुमरडीहकला, मासूल, कौहाकुडा, चवरढाल, नवागांव में नई सहकारी बनाई जाएगी।

### शीघ्र अस्तित्व में आएगी

राज्य सरकार ने नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों को लेकर राजपत्र जारी कर दिया है। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया निपटने के बाद यह अस्तित्व में आ जाएगी। सहकारिता से जुड़े भाजपा नेताओं ने काफी मंथन के बाद नई सोसायटियों का नाम तय किया है।

### कवर्धा जिला

धमकी, कोठार, छांटा झा, बरहट्टी, बेंदरची, निवासपुर, बम्हनी, खड़ौदाकला, खरहटा, बैहरसरी, भालुचुंवा, कबराटोला, बासिनझोरी, बुधवारा, छीरबांधा, दैहानडीह, खड़ौदाखुर्द, सिली पचराही, सूखाताला, कान्हाभैरा, जलती, रायतापारा, पाढ़ी, महीडबरा, मुनगाडीह, चतरी, आगनपानी, छिरपानी, पैलपार, गौरमाटी, सिंगारपुर, रेंगाटोला, टाटीकसा, बानो, गोरखपुरकला, सेमरिया, राजपूत, मोहगांव, पर्थरा, लघान, रक्से, बिसाटोला, कल्याणपुर, मोतीनपुर, खोलवा, घानीखूंटा, रेंगाबोर, खिरसाली शामिल है।

### दावा-आपत्ति का समय

भले ही राजपत्र में नई सहकारी समितियों को लेकर प्रकाशन कर दिया गया हो, लेकिन इन समितियों को अस्तित्व में आने में अभी भी कम से कम दो महीने का समय लगेगा। मिली जानकारी के अनुसार इन सहकारी समितियों के पुनर्गठन के बाद अब दावा-आपत्ति का समय दिया गया है। इसके बाद दावा-आपत्ति का निराकरण कर अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में लगभग दो महीने का समय लगेगा।

### इन नियमों के तहत बनी सोसायटी

नई सहकारी समिति बनाते वक्त यह भी ध्यान में रखा गया कि नवीन सहकारी सोसायटी में कम से कम पांच सौ सदस्य हो। इसके अलावा सोसायटी की सीमाएं दो तहसील या ब्लॉक में ना आए, सोसायटी तक पहुंचने के लिए किसानों को नदी-नाला या तालाब पार कर ना जाना पड़े। वहीं सामान्य क्षेत्र में साढ़े सात सौ हेक्टेयर एवं अजजा के लिए एक हजार हेक्टेयर का रकबा होगा। सोसायटी का मुख्यालय यथासंभव वहां हो, जहां गोदाम, आधारभूत संरचना हो। इन सोसायटियों में सामान्य क्षेत्र में डेढ़ करोड़ एवं अजजा क्षेत्र के लिए 75 लाख रुपए होगा।

### किसानों को मिलेगी सुविधा



किसानों को सुविधा प्रदान करने की दिशा में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय और राज्य सरकार ने पहल की है। किसानों को अब अपनी उपज बेचने के साथ-साथ खाद-बीज लेने दूर नहीं जाना पड़ेगा।

**- सचिन सिंह बघेल,** अध्यक्ष, जिला सहकारी

# सुशासन तिहार में शिक्षकों की लगाई ड्यूटी, नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्षिक परीक्षा और मूल्यांकन कार्य के बीच सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षको की सुशानस तिहार में तैनाती को लेकर अब फेडरेशन की नाराजगी देखने को मिल रही है। सैकड़ो की संख्या में शिक्षको की ड्यूटी सुशासन तिहार में लगा दी गई है, जिसमें अब फेडरेशन की तरफ से गैरशिक्षकीय कार्यों में टीचरों की ड्यूटी लगाने से शैक्षणिक कार्य बाधित होने का हवाला दिया गया है।

इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने कहा कि शासन द्वारा लगातार शिक्षकों का गैरशिक्षकीय कार्यों में ड्यूटी लगाया जा रहा है। जिससे छात्रों के शैक्षिकहित बाधित हो रहा है। वर्तमान में कक्षा एक से चार एवं छठवीं व सातवीं का वार्षिक परीक्षा चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ पांचवी एवं आठवीं केंद्रीकृत वार्षिक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगी है और मूल्यांकन का कार्य शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है।

### गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त करने मांग

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने छात्र हित एवं शैक्षिक कार्यों व शाला अभिलेख कार्यों को ध्यान में रखते शिक्षकों को गैर शिक्षिकीय कार्यों से मुक्त करने की मांग जिला संयोजक ओमप्रकाश साहू, अतुल यदु, ललित प्रताप सिंह, मोहनलाल कोमरे, जिला उपाध्यक्ष बंदिश नेम पांडेय, भारत साहू, मोमन साहू, नरेंद्र कुमार साहू, जिला महासचिव मुकेश कुमार देवांगन, दीपक साहू, जितेंद्र हिरवानी, चेतन दुबे, मिलन साहू सहित अन्य शिक्षकों ने मांग की है।

उन्होंने कहा कि डोंगरगांव विकासखंड के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों की कमी है। प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में औसत दो एवं तीन शिक्षक कार्यरत हैं। जिसमें दो-दो शिक्षकों की ड्यूटी वार्षिक केंद्रीकृत पेपर मूल्यांकन में लगा है एवं एक शिक्षक द्वारा स्थानीय परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। परीक्षा पश्चात स्थानीय कक्षाओं का उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन किया जाना है।

### शिक्षकीय कार्य होगा प्रभावित

5 अप्रैल को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव द्वारा सुशासन तिहार 2025 आयोजन के लिए शिक्षकों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसका प्रशिक्षण 7 अप्रैल को आयोजित किया गया है। वहीं 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक एवं पूरे अप्रैल माह के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। फेडरेशन ने कहा है कि वर्तमान में विद्यार्थियों से संबंधित वार्षिक परीक्षा के समस्त कार्यों का अभिलेख तैयार करना जैसे महत्वपूर्ण कार्य है और 30 अप्रैल के पूर्व सभी कक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित करना है, जो प्रभावित होगा।

# बाइक चोरी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक चोरी कर नंबर प्लेट बदलकर उपयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से बाइक बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार थाना डोंगरगांव क्षेत्र में जुआ, शराब व चोरी की गतिविधियों पर पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। 5 अप्रैल को थाना डोंगरगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी पावेन्द्रा



सेवता उर्फ पवन 37 साल पता वार्ड नं. 6 डोंगरगांव एक बाइक का नंबर प्लेट बदलकर चला रहा है, जो चोरी का है

**बाइक जब्त :** सूचना के आधार पर आरोपी से पूछताछ करने पर अपने पास एक बाइक को मोडिफाईड कर व नंबर प्लेट बदलकर चलाना बताया, जिसे पंचायत चुनाव के दौरान आत्मानंद स्कूल से चोरी करना बताया। आरोपी से बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

# श्रीराम नवमी पर गूंजे जयकारे, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम नवमी पर्व पर अंचल के मंदिरों सहित घरों में विधि-विधान से भगवान श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर पूजा-अर्चना के साथ ही विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर के बल्देवबाग मिलचाल स्थित श्री मानस राम मंदिर में धार्मिक आयोजन के साथ ही भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें जयकारों की गूंज रही।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को राम नवमी मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। आज 6 अप्रैल को यह पर्व अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया। घर-घर एवं मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।





**जयकारों की गूंज :** इस मौके पर मंदिर परिसर सहित विभिन्न सभा समितियों द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। इसके अलावा कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शहर के बल्देवबाग मिलचाल स्थित श्री मानव राम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात यहां भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी रखी गई थी, बाजे-गाजे के बीच निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। वहीं जयकारों की गूंज रही। पर्व के तहत कल 7 अप्रैल को शहर के महावीर चौक से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## श्रद्धा भक्ति के साथ चैत्र नवरात्र का समापन

# जस गीतों के साथ जंवारा विसर्जन, तालाबों में भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व के तहत आज नवमी पर देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ज्योति जंवारा का जसगीतों के बीच शोभायात्रा निकाली गई। तालाब परिसर में पहुंचकर भक्तों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ जंवारा विसर्जन किया।

ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों एवं कई भक्तों ने घरों में भी आस्था के ज्योत जलाकर जंवारा स्थापित किया था। ज्योत जंवारा का नियमित रूप से पूजा-अर्चना जारी रहा। अष्टमी हवन के पश्चात कन्याओं को भोजन ग्रहण कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।





### मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़

पर्व के तहत आज नवमी पर सुबह से भक्तों ने जसगीतों एवं देवी मां के अस्त्र-शस्त्र के साथ ज्योत जंवारा का शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा शहर के मां शीतला मंदिर प्रांगण बूढासागर पहुंची, जहां श्रद्धा-भक्ति के साथ जंवारा का विसर्जन किया गया। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर सहित घरों में स्थापित ज्योत जंवारा का विसर्जन करने का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान तालाब परिसर में भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही एवं माता के जयकारों की गूंज रही। इधर बड़ी संख्या में भक्तों ने नवरात्र पर व्रत भी धारण किया था, जिसे आज पूजा-अर्चना के साथ पूर्ण किया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS),
FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के खाते में 14वीं किस्त जमा



**सड़क अतरिया।** नवरात्रि की महाष्टमी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन योजना की 14 वीं किस्त महिलाओं के खाते में जमा किया। भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष ज्योति जंघेल ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि महिलाओं के खाते में राशि जमा कर सरकार ने शक्ति का वंदन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो वायदा किया था उन्हे बारी बारी से पूरा कर रही है। महतारी वंदन की किस्त पाकर महिलाओं ने सरकार का आभार जताया है।

### दीपक बैज का जोशीला स्वागत



**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नगर आगमन पर महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव नलिनी मेश्राम ने जोशीला स्वागत किया। ऊपर मंदिर में दर्शन करने के बाद श्री बैज ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की। इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, शहर अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान, कांग्रेस शहर अध्यक्ष रेखा खोबरागड़े, निधि सहारे, किरण मेश्राम, पायल सहित अन्य उपस्थित थे।

### धर्मनगरी में बढ़ रहे अपराध

**डोंगरगढ़।** बैंक कर्मचारी का जेब काटते हुए पकड़े जाने के बाद आरोपी मारपीट करने उतारू हो गया था। घटना की थाने में शिकायत किया गया किन्तु पुलिस ने अनदेखी कर दिया। जानकारी के अनुसार जब पीड़ित डोंगरगढ़ पेट्रोल पंप के पास खड़ा था, तब आरोपी अपने साथियों के साथ पहुंचा और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। एक आरोपी ने प्रार्थी पर चाकू से हमला किया। पाकिटमारी न कर पाने वाले आरोपी ने चाकू घोंपा था। घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई किन्तु उस पर कार्रवाई हुई या नहीं यह किसी ने नहीं देखा। इस घटना में प्रार्थी को गंभीर चोट आई है।

### महेन्द्र राव जगताप का निधन



**डोंगरगढ़।** नाकापारा निवासी महेंद्र राव जगताप का 75 वर्ष की आयु में बीती रात निधन हो गया। स्व जगताप जनपद पंचायत में लेखपाल के पद से सेवानिवृत्त हो गए थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे चार पुत्र देवेश, जितेंद्र, आदित्य, लोकेश सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सामान्य सभा की बैठक में एक दर्जन प्रस्ताव पर मुहर

# पहली बैठक में बिना विरोध के पारित हुए विकास के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत में सामान्य सभा की बैठक शांतिपूर्ण संपन्न हुई। बैठक में सत्ता एवं विपक्ष के पार्षदो ने सर्वसम्मति से संकल्प पारित किए।एक- दो मुददो को छोड़कर पहली बैठक में रखे एक दर्जन से अधिक एजेंडो में आपसी सहमति से निर्णय लिए गए।

नगर पंचायत की पहली सामान्य सभा कयासों के उलट बिना वाद विवाद के संपन्न हुई। अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मे कुल 14 एजेंडे रखे गए थे। एजेंडो को देखकर लग रहा था कि बैठक देर रात तक चल सकती है लेकिन सभी एजेंडो के अलावा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य तीन चार एजेंडे पर भी निर्णय मात्र चार घंटो में हो गया। सामन्य सभा में राज्य शासन के निर्देशानुसार सम्पत्ति कर में पांच प्रतिशत की वृद्धि की गई लेकिन जल कर में किसी तरह की वृद्धि नहीं की गई। बैठक में सिटी डेवलपमेंट प्लान, नालंदा परिसर निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजना तय किया गया। बैठक में सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्शद ईश्वरी ध्रुवे, रितेश मेश्राम, मुकेश सिन्हा, सुरेश नेताम, विनोद डेहरिया, किशुन पटेल, उमा निषाद, खेदीबाई अमिला, झरनेश कुंभकार, दिलीप कुंभकार, कांशीराम निषाद, गोपीचंद देवांगन, कविता यादव, उषा यादव उपस्थित थे।



#### मुक्तिधाम का होगा सौंदर्यीकरण

बैठक में अध्यक्ष ने नगर के सभी मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन का प्रस्ताव लाया था। नगर अध्यक्ष ने कहा कि मेरेगांव, कान्हे एवं शिवनाथ नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम का उन्नयन और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि मुक्तिधाम के अलावा शिवनाथ नदी के किनारे एनीकट कम काजवे में चौपाटी निर्माण की योजना है जिसका प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

#### स्वर्ग रथ, काउ केचर की होगी खरीदी

नगरवासियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वर्ग रथ , काफीन, काउकेचर की खरीदी पर चर्चा की गई। बैठक में प्रकाश व्यवस्था ठीक करने, स्काई लिफ्ट की खरीदी पर विचार किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा लाए गए सभी प्रस्तावो को सर्वसम्मति से पारितकर राज्य शासन को अनुदान उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भेजने पर निर्णय हुआ।

#### पार्षदों को बताया कामकाज

सामान्य सभा की शुरूवात में नगर पंचायत अध्यक्ष के आग्रह पर सीएमओ विजय पांडेय ने पार्षदों को निकाय के कामकाज और आय व्यय की जानकारी दी। अध्यक्ष ने पार्षदों को बताया कि निकाय की आर्थिक स्थिति खराब है।

#### टाउनहाल का संचालन निजी हाथों में

टाउनहाल के संचालन को लेकर ही पार्षदों के बीच मतभेद देखा गया। इस विषय को लेकर विपक्ष एवं सत्ता पक्ष के मध्य कहासुनी भी हुई । नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा लाए गए इस प्रस्ताव में दो पार्षदों को छोड़कर अन्य सभी ने समर्थन किया। टाउन हाल का संचालन निजी हाथो में देने का संकल्प पारित किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि टाउन हाल का दुरूपयोग रोकने तथा नागरिको को बेहतर सुविधा दिलाने के लिए किराया दर में कमी कर निजी हाथो में सौंपने का प्रस्ताव है।

# हवन में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



मां बम्लेश्वरी के नीचे और ऊपर मंदिर में अष्टमी को हवन किया गया। हवन के साथ में कलश विर्सजन की तैयारी शुरू हो गई। उल्लेखनीय है कि नीचे मंदिर में 905, शीतला मंदिर में 69, उपर मंदिर में 7455 ज्योति कलश स्स्थापित किए गए थे। इसी प्रकार बस स्टैण्ड के काली मंदिर, दंतेश्वरी, रणचंडी मंदिर, रेल्वे स्टेशन के दुर्गा मंदिर में ज्योति जंवारा रखा गया था। नवरात्रि की पंचमी और छठ को दर्षनार्थियों की भीड बहुत कम रही किंतु अष्टमी की शाम से भीड़ एकाएक बढ गई। अचानक भीड़ बढ़ने के बाद व्यवस्था गड़बड़ाते नजर आने पर प्रशासन सख्त नजर आया। शाम 6 बजे से बाहर के साथ शहर और ग्रामीण क्षेत्र के दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। शाम 6 बजे से देर रात तक लगभग 60 से 70 हजार दर्षनार्थियों ने दर्शन किया।

**खुज्जी।** अंचल में चैत्र नवरात्रि पर्व को श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मनोकाना जोत जलाए एवं पूजा अनुष्ठान किया। ग्राम के शीतला मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना कर सेवा भक्ति की गई। बाजार चौक स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर में भक्तों ने अष्टमी को भंडारा का आयोजन किया। अष्टमी पर शीतला मंदिर में हवन के बाद आयोजित भंडारा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। नवमी को जोत जंवारा निकाल कर गांव का भ्रमण किया गया। तत्पश्चात स्थानीय माता तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

#### जोत जंवारा विसर्जित

सड़क अतरिया। क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शनिवार को महाष्टमी हवन पूजन के बाद से जोत ज्वारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ जो रविवार को भी जारी रहा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सेवा गीत गाकर शोभायात्रा निकाला गया।



# सुशासन तिहार 8 से, लोगों की समस्याओं का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

राज्य शासन ने शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। इस पहल का लक्ष्य जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना, योजनाओं की समीक्षा करना और विकास कार्यों को गति प्रदान करना है। इसके साथ ही जनता, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। सुशासन तिहार के पहले चरण में आगामी 8 से 11 अप्रैल तक जनता की समस्याओं और शिकायतों के आवेदन लिए जाएंगे। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का एक माह के भीतर निराकरण किया जाएगा। अंतिम चरण में 5 से 31 मई के बीच विभिन्न स्थानों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यहां लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।




#### नपं में समाधान पेटी

गंडई नगर पंचायत में आवेदन जमा करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। आगामी 8 से 11 अप्रैल तक नगर पंचायत कार्यालय में समाधान पेटी रखी जाएगी, जिसमें नागरिक अपनी लिखित शिकायतें डाल सकते हैं। इसके अलावा वार्ड 1 से 7 तक के नागरिक संस्कृति मंच, गांधी चौक पंडरिया में आयोजित शिविर और वार्ड 8 से 15 तक के नागरिक कुम्हार समाज भवन टिकरीपारा में आयोजित शिविर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# विद्यार्थियों को बताई गई विज्ञान की उपयोगिता

**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकूर के निर्देशन में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कला संकाय में रसायन शास्त्र की अतिथि व्याख्याता सौम्या देवांगन ने छात्र छात्राओं को दैनिक जीवन में रसायन विज्ञान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रसायन शास्त्र हमारी रोजमर्रा की जिंदगी मे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि टूथपेस्ट, साबुन, सौंदर्य प्रसाधन, उर्वरक, दवाईया एवं पेंट आदि विभिन्न रसायन अभिक्रियायों से बनाया जाता है। इसी क्रम में भौतिक शास्त्र की अतिथि व्याख्याता सरोजनी वर्मा ने भौतिक विज्ञान की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने मोबाइल, टीवी, रेफ्रीजरेटर, कूलर, एसी के बारे में जानकारी दी गई। विद्युत धारा से प्रकाशित होने वाले सीएफल, साधारण बल्ब की क्रिया विधि के बारे में विस्तार से बताया। अंत में योगेन्द्र देवांगन ने आभार व्यक्त किया।



# कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुमर्दा

मंडल भाजपा के अधीन आने वाले बूथों में भाजपा का46 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री नूनकरण भुआर्य, जिला भाजयुमो के नवीन साहू, गनसूराम कोलियारे, सुंदरराम रावटे, दीपक उर्वशा, हेमलाल कोलियारे, श्रवण कुमार, शिव कोलियारे, शैलेश कौशिक, जग्गू कोलियारे, भुवनेश्वर साहू, बीरम सिंह, फग्गूराम, वासुदेव भंडारी सहित अन्य शाामिल हुए। इसी प्रकार गैंदाटोला मंडल के प्रत्येक बूथों में स्थापना दिवस मनाया गया। मंडल स्तरीय स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम कुहीखुर्द में किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू आदि ने पार्टी के गठन के संबंध में अपने विचार प्रगट किए। कार्यक्रम का संचालन हनीफ कुरैशी ने किया। इस अवसर पर रामकुमार साहू, विष्णु साहू ,राजेश्वर धुर्वे, राजाराम साहू, नैनसिंग पटेल, सुकृत साहू, गौरव अग्रवाल, भूपेन्द्र निर्मलकर, प्रदीप वर्मा, एस कुमार आदि मौजूद थे।

#### भंडारपुर बूथ में मनाया स्थापना दिवस

**छुरिया।** छुरिया मंडल भाजपा के अधीन आने वाले भंडारपुर में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव शामिल हुई। सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि भाजपा ने देश को नई दिशा दी है। अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐसे लोक कल्याणकारी निर्णय हुए, जो आजाद भारत में पहले नहीं हुए थे। इस अवसर पर उत्तरा निषाद, देवीसिंग पटेल, दुर्योधन साहु, बृजलाल यादव, जगन चन्द्रवंशी, लोकेश पटेल, रमेशर चंद्रवंशी, जगदीश साहु, मनीष साहु, गैंदसिंह पटेल, पीतम पटेल, टोपराम साहु, हंसमुख साहु, हिरदेश मानिकपुरी, शेषराम साहु, पल्टन पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

#### ध्वज लगाकर मनाया स्थापना दिवस

**सड़क अतरिया।** भाजपा के 44 वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ता ने अपने घर में ध्वज लगाकर पार्टी से संस्थापक उनके आदर्श को याद कर नमन किया। सभी शक्ति केन्द्रों में स्थापना दिवस मनाया गया।



### गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश

# देवी दर्शन कर रेलवे जीएम ने स्टेशन परिसर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश देवी दर्शन करने बिलासपुर से यहां पहुंचे। दर्शन के बाद सीधे रेलवे स्टेशन पहुंचे और रनिंग रूम सहित स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया।

स्टेशन में अमृत धारा योजना के अंतर्गत चल रहे अधोसंरचना विकास रेल परियोजना सहित संचालन और संरक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने रेल विकास कार्यक्रम की समीक्षा किया तथा यात्री सुविधाओं की स्थिति का आंकलन किया नवरात्र के मंडल द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रनिंग रूम, लाबी आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने इस बात पर नाराजगी व्यक्त किया कि यात्रियों को ठहरने के लिए जो पंडाल बनाया गया है वह बहुत नीचा है। यात्री गर्मी में बैठे हैं। यात्रियों के लिए स्थाई विश्रामगृह उचित ढंग से बनाने पर जोर दिया। स्टेशन परिसर में व्याप्त गंदगी और निर्माण पर कहा कि आप जो निर्माण कर रहे हैं वह जगह-जगह से टूट रहा है। महाप्रबंधक ने प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित पर्यटन केंद्र पहुंचकर संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि मंदिर ट्रस्ट ने रेलवे से यात्री सुविधाओं के लिए प्लेटफार्म में स्थान की मांग की है जहां मंदिर संबंधी जानकारी दी जाएगी।



#### चलित टिकट प्रणाली का शुभारंभ

रेलवे ने घूम घूम कर टिकट बिक्री करने की एक नई सुविधा का शुभारंभ किया है। इस सुविधा से बुकिंग काऊँटर में भीड़ नहीं लगेगी। लोग रेलवे कर्मचारी से टिकट बनवा सकते है। महाप्रबंधक ने रेलकर्मी से एक टिकट लिया। बताया गया कि रेल कर्मी ने सुबह से 120 टिकट का बिक्री कर लिया था। यात्रियों ने भी इस योजना का लाभ उठाते हुए इसके साधुवाद दिया है। नागपुर से पहुंचे घोरड़े परिवार ने 5 टिकट लेकर इसका शुभारंभ किया।

#### दौरा के दौरान ट्रेन लेट

महाप्रबंधक तरुण प्रकाश जब डोंगरगढ़ में थे इसी दौरान निपानिया ट्रेन को जटकन्हार में 2 घंटे रोका रखा गया। इसे लेकर यात्रियों ने जमकर हंगामा मचाया। संतोष टेंम्बरे ने सीनियर डीसीएम से सीधा सवाल किया कि एक रेलवे स्टेशन जहां पानी तक की सुविधा नहीं है वहां 2 घंटे से ट्रेन को ब्लॉक करके क्यों रखा गया? सीनियर डीसीएम ने गलती स्वीकार करते हुए आगे समयबद्धता के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये।

#### अनुविभागीय अधिकारी भी मिले

अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मिलकर चर्चा की। उन्होंने रेलवे परिसर क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को दूर करने सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर महाप्रबंधक ने दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने मेले के दौरान टिकट बिक्री व रेल सुविधाओं की जानकारी भी ली। रेल अधिकारियों द्वारा जब टिकट की जानकारी दी थी तब डोंगरगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष गोपाल खेमुका ने बताया कि स्टेशन में रेल यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी जरूर हुई है किंतु ट्रेनों के स्टॉपेज, संचालन के समय को लेकर रेलयात्री परेशान हैं इस कारण टिकट बिक्री का ग्राफ पहले से काफी गिरा है। 10 वर्ष पूर्व 1 लाख से अधिक टिकट की बिक्री होती थी जो वर्तमान में पचास हजार के आसपास रह गई है। उन्होंने कोरोना काल से बंद पैसेंजर ट्रेनों को प्रारंभ करने की मांग की। श्री खेमुका ने बताया कि सुबह 4 बजे बिलासपुर के लिए तथा सुबह 7 बजे गोंदिया से रायपुर के लिए छुटने वाली ट्रेने बंद है। देश के धार्मिक स्थान के लिए यहां से डायरेक्ट ट्रेन नहीं है। राजस्थान, शिरडी, श्रीशैलम तिरुपति के लिए डायरेक्ट ट्रेन की कमी के कारण यात्री लगातार कम हो रहे हैं।

# मीना बाजार में मनमाने शुल्क की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

लोगों के मनोरंजन के लिए लगा मीना बाजार की जगह के आंबटन में नियम को दरकिनार करने एवं अवैध रूप से बेजा वसूली करने की शिकायत मिली है। पिछले कई सालो से मीना बाजार मालिक को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सांठगांठ में फायदा पहुंचाया जा रहा है। इस मामले में लाखो रूपये की कमीशन देने का आरोप लगा है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी नियमतः टेंडर प्रक्रिया पूरी करने का हवाला दे रहे हैं। मीना बाजार संचालक द्वारा जिन झुले का 60 रूपए वसूल किया गया उसका अधिकतम शुल्क 20 से 30 रूपए है। मौके पर दर सूची भी नहीं लगाया गया है। टिकट में दर का उल्लेख नहीं किया गया। मीना बाजार को जो जगह अंबाटित की गई है वह पहले से ही सांठगांठ कर तय कर दिया था। पालिका को जगह का लगभग 8 से 10 लाख मिल था किन्तु 3 से 4 लाख ही मिला है।




#### टिकट में शुल्क का उल्लेख नहीं

मीनाबाजार में 8 बडे झुले, पांच छोटे झूले एवं बच्चों के लिए वोटिंग की व्यवस्था की गई थी। बच्चों के लिए लगे 12 फिट के आकाश झुले, वोटिंग नाव में 40 रूपए लिया गया किन्तु टिकट में दर का उल्लेख नहीं किया गया। इसी प्रकार 3 वर्ष के बच्चो का भी पूरा टिकट लिया गया है। लोगों ने बताया कि आपत्ति दर्ज कराने पर मीना बाजार के कर्मचारी बहस करने उतारू हो जाते हैं।

#### पैरावट में लगी आग



**गंडई।** क्षेत्र में गर्मी के कारण आगजनी की घटनाओं में वृद्धि देखने को मिल रही है। आज गंडई फायर ब्रिगेड पेंडरवानी और खौड़ा में त्वरित कदम उठाते हुए आग बुझाया। ग्राम खौड़ा में दोपहर लगभग 12 बजे एक पैरावट में आग लग गई। इस घटना में पैरावट में रखी जलाऊ लकड़ी भी जलकर राख हो गई। इसी प्रकार ग्राम पेंडरवानी में दोपहर लगभग 2.50 बजे पैरावट में आग लग गई। जहां आग लगी थी वह जगह घरों से दूर होने के कारण अन्य क्षति नहीं हुई। सूचना मिलते ही नगर पंचायत गंडई के कर्मचारी फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राम नवमीं मनी

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में रामनवमी पर्व उल्लास से मनाया गया। इस मौके पर राम-जानकी मंदिर में लोगों ने पूजा अर्चना किया। ग्रामीणों ने सड़क अतरिया, नर्मदा के मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। हिन्दू संगठन द्वारा भगवा ध्वज के साथ रैली निकाला।

### सोनकर समाज ने मनाया जन्मोत्सव



**खुज्जी।** राम नवमी के अवसर पर सोनकर समाज खुज्जी राज के सामाजिक जनों ने भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम मनाया। इस अवसर पर सोनकर समाज भवन में सत्यनारायण की पूजा के बाद कलश यात्रा निकाला गया। सामाजिक जनों ने भगवान राम की झांकी के साथ ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों ने जगह जगह भगवान राम की पूजा अर्चना की। समापन पर पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष तखतराम सोनकर, चंद्रशेखर सोनकर, संतोष सोनकर, जगतराम सोनकर, राधेश्याम सोनकर, राजकुमार, राम सोनकर, शंकर, लोकेश, रमेश, मेहतरूराम, विजय, सदाराम, बुधारू, गंगाराम सोनकर आदि मौजूद थे।

### रामनवमी पर नगर अध्यक्ष ने टेका माथा



**गंडई पंडरिया।** रामनवमीं के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने भगवान श्री राम मंदिर में दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसी क्रम में मां शीतला मंदिर में ज्योति कलश विसर्जन भक्तिमय माहौल के बीच संपन्न हुआ। विसर्जन के पूर्व मंदिर परिसर में जस गीत की प्रस्तुती हुई जिसमें नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो शामिल हुए। जस गीतों से शीतला मंदिर में भक्तिमय माहौल बन गया था। तत्पश्चात विधि-विधान के साथ मां शीतला मंदिर से ज्योति कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जयकारों और भक्ति गीतों के साथ यह यात्रा स्थानीय नदी तक पहुंची, जहां विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बांके वर्मा, नारायण शर्मा, नारायण सोनी, पार्षद तामेश्वर साहू सहित नगर के नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सीआरसी सेंटर ग्रसित बच्चों को बना रहा आत्मनिर्भर

**राजनांदगांव।** ऑटिज़्म जागरूकता माह के अवसर पर सीआरसी ठाकुरटोला द्वारा ऑटिज़्म से ग्रसित बच्चों के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह केंद्र न केवल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा और कौशल प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज में उनके प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता भी बढ़ा रहा है। सीआरसी के विशेषज्ञों के अनुसार ऑटिज़्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक अलग तरह की सोचने और समझने की शैली है। सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से ये बच्चे भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस अभियान के तहत ऑटिज़्म से प्रभावित बच्चों के माता-पिता को काउंसलिंग, विशेष शिक्षा और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऑटिज़्म जिसे ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर कहा जाता है। यह एक विकास संबंधी गड़बड़ी है। जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने में, पढ़ने-लिखने में और समाज में मेलजोल बनाने में परेशानियां आती है। इसके लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं, जैसे बातचीत में कठिनाई, दोहराव वाली हरकतें और सीमित रुचियां। हालांकि सही प्रशिक्षण, चिकित्सा और सहयोग से ऑटिस्टिक व्यक्ति आत्मनिर्भर बन सकते हैं। जागरूकता और प्रारंभिक हस्तक्षेप से उनके विकास में मदद मिलती है।

## 10वीं-12वीं की 84 हजार कापियां मूल्यांकन के लिए पहुंची

# दसवी-बारहवीं बोर्ड की 60 हजार से ज्यादा कापियां जंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन जारी है। बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं के विभिन्न विषयों के 50 हजार 840 और कक्षा बारहवीं की 33 हजार 167 मिलाकर कुल 84 हजार 7 अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन केन्द्र को दी गई थी जिसके मूल्यांकन के लिए 26 फरवरी से विषय संबंधी 300 शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है।

बारहवीं कक्षा के भूगोल, भौतिक, रसायन और गणित विषय की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य लगभग पूरा हो चुका है जबकि कुछ विषयों का दो तीन दिनों में पूरा हो जाएगा। जानकारी अनुसार बोर्ड द्वारा प्रेषित उत्तर पुस्तिकाओं में अब तक कक्षा दसवीं की 38 हजार 738 और बारहवीं की 21 हजार 792 मिलाकर कुल 60 हजार 520 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है।



### मूल्यांकन कार्य का किया जा रहा निरीक्षण

मूल्यांकन कार्य का माध्यमिक शिक्षा मंडल सदस्य प्रकाश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, सहायक संचालक डॉ रश्मि खरे द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। मूल्यांकन संबंधी प्रक्रिया को मूल्यांकनकर्ता, मुख्य मूल्यांकनकर्ता और उप मूल्यांकन कर्ताओं के बीच विभाजिक किया गया है। मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी रोशन लाल वर्मा, सहायक मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी किरण सिंह, व्याख्याता संजय श्रीवास्तव, सुनील गुनी, पुकेशवर निषाद, अनिल पुलतस्य, डॉ कमलेश्वर सिंह, हीराराम उके, राजेंद्र वर्मा, कोमल नारायण वर्मा, टीडी बंजारे के सहयोग से शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से निर्विघ्न मूल्यांकन कार्य हो रहा हे।

# अधिकारी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने गांवों का कर रहे निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित करने ग्रामों में निरीक्षण कर रहे हैं।

ग्रीष्मकाल में पानी की व्यवस्था बनाये रखने पीएचई की टीम जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था की जांच एवं सोर्स का निरीक्षण कर रही है। बंद पाए गए सुधार योग्य हैंडपंपों को मरम्मत किया जा रहा है। जल संबंधी किसी भी समस्या के त्वरित निराकरण के लिए भ्रमण के दौरान पेयजल की व्यवस्थाए पानी की गुणवत्ता की जांच की जा रही। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमला द्वारा जिले के ग्राम रानीतराई, सिंघोला, इंदावानी, मलपुरी, भोथीपारखुर्द, खैरझिटी, ढूडिया, भेंडरवानी, बिहावबोड, कातलवाही, रूआतला, झालाकोला तथा रामतराई में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

### जारी किया गया टोल फ्री नंबर

निरीक्षण के दौरान सरपंच, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई। पानी की किसी भी प्रकार की समस्या के लिए विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1800 2330008 जारी किया गया है। यह नंबर 24 घंटे क्रियाशील है तथा पानी की किसी भी प्रकार की समस्या के लिए ग्रामीण इस नंबर पर कॉल कर अपनी समस्या को दर्ज करा सकते हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमला द्वारा निरीक्षण के दौरान पेयजल की व्यवस्था, पानी की जांच कर उसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाता है। इसके अलावा पानी से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है।

### प्रकाशपुर में कर्मा जयंती आज



**खैरागढ़।** ब्लाक के प्रकाशपुर मे आज ग्राम इकाई स्तरीय साहू समाज द्वारा भक्त माँ कर्मा जयंती व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा जय मां भानेश्वरी जगराता परिवार सिंघोला के साथ निकाला जाएगा। दोपहर दो बजे से मंचीय आयेजन बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुत किया जाएगा। शाम चार बजे महाआरती, अतिथि स्वागत सहित समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के मुख्य आतिथ्य, मंडल अध्यक्ष साहू समाज संतराम साहू की अध्यक्षता और यदुकुमार साहू, गिरधारी लाल साहू जी, गोपाल दास साहू, घनश्याम दास साहू, टीकमदास साहू, सरपंच योगमाया बंजारे, ग्राम पटेल ईश्वरी साहू के विशिष्ट आतिथ्य मे होगा। ग्राम इकाई अध्यक्ष केदार दास साहू, सचिव कीर्ति कुमार साहू, कोषाध्यक्ष टीकम साहू ने सभी सजातीय बंधुओ से कार्यक्रम मे उपस्थिति की अपील की है।

# मनरेगा को कमजोर करने में जुटी भाजपा, ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी



**खैरागढ़।** मनरेगा को ग्रामीण भारत की रीढ़ और आर्थिक सुरक्षा कवच के रूप में जाना जाता है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसे कमजोर करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। बजट कटौती और तकनीकी अड़चनों के चलते जिले में योजना तहत कोई काम शुरू नहीं हुआ जिससे ग्रामीणों और महिलाओं में मायूसी और सरकार के प्रति नाराजगी है।

कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने कहा कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना जिसे 2005 में मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लागू किया गया था उसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को साल में कम से कम 100 दिन का गारंटीशुदा रोजगार प्रदान करना था। यह योजना ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रही है, लेकिन अभी केंद्र सरकार ने उसके बजट मे चार हजार करोड़ रुपयों की कमी की है।

श्री साहू ने मोदी सरकार के इस कदम को ग्रामीण मजदूरों के खिलाफ सुनियोजित कदम बताते हुए कहा कि इसके अलावा कई राज्यों में मनरेगा मे मांग अनुरूप रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में औसत कार्य दिवसों की संख्या 100 से घटकर 40-50 दिन तक सीमित हो गई है।

यह कटौती जानबूझकर की जा रही है ताकि योजना की लोकप्रियता और प्रभाव कम हो सके। सच तो यह है कि केंद्र की भाजपा सरकार की यह कूटनीतिक चाल है, जिसके जरिए योजना को अप्रभावी बनाया जा रहा है ताकि अमीर लोग मजदूरों का दुरुपयोग करते रहे। उन्होने कहा कि मनरेगा के कमजोर होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ रहा है।

रोजगार के अवसरों में कमी से पलायन बढ़ेगा, आय पर संकट गहराएगा। मनरेगा में हर 100 रुपये के निवेश से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 300 रुपये का योगदान होता है। ऐसे में इस योजना का कमजोर होना दीर्घकालिक नुकसान का कारण बन सकता है।

# राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों ने समारोह में दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं स्थानीय चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सप्तरंग संगीत समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने अपनी कला की प्रस्तुति दी। साथ ही नव अंकुरित कलाकारों को प्रस्तुतिकरण हेतु रंगमंच उपलब्ध कराया। प्रथम दिवस समारोह का उद्घाटन संभागायुक्त व कुलपति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ सत्यनारायण राठौर, समाजसेवी एनके गढ़े एवं डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा द्वारा किया गया।

लखनऊ घराने के कलाकार एवं टीवी शो की कलाकार नेहा सिंह एवं नेहा सिंह डांस कंपनी के कलाकारों ने कथक यात्रा की प्रस्तुति से समारोह की यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें लव-कुश की कथा से वर्तमान बॉलीवुड में उसकी झलक तक कथक की विविध आयामों का सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण हुआ। साथ ही शास्त्रीय गायन एवं कथक नृत्य में गुरु वंदना कृष्ण वंदना ने दर्शकों को बांधे रखा। दूसरे दिन की प्रस्तुति में महापौर मधुसूदन यादव के उद्बोधन एवं कलाकारों को सम्मानित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। नाटक निराश पीढ़ी, नूतन कला निकेतन बालाघाट के कलाकारों द्वारा संदेशात्मक प्रस्तुति दी। वादन में वाद्यवृंद के कलाकारों ने तबला एवं अन्य वाद्ययंत्रों का प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण किया। अंतिम प्रस्तुति लखनऊ घराने के प्रतिनिधि कलाकार अनुज मिश्रा एवं अनुज मिश्रा डांस कंपनी लखनऊ के प्रज्ञांशी पाठक, आरती बघेल, अजित बोरकर, प्रीतम दास कलाकारों ने पद संचालन के साथ ही 108, 111, 150 चक्कर से सजी बंदियों से सबको अचंभित किया।

अंतिम प्रस्तुति दिल्ली से पधारे अंतर्राष्ट्रीय कलाकार विश्वदीप शर्मा एवं प्रदीप द्वारा कथक में, शिव वंदना की प्रस्तुति पैरों के संचालन से, ट्रेन की आवाज गतिमान का सुंदर प्रस्तुतिकरण के साथ ही होली के रंग में सप्तरंग समारोह में अपना रंग जमाया और दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी।

### कलाकार हुए सम्मानित

तीसरे दिन में अतिथि सीजेएम भूपत साहू, समाजसेवी अशोक चौधरी, नीरज बाजपेयी, डॉ. के.के द्विवेदी, गिरिश ठक्कर, शारदा तिवारी, राकेश ठाकुर समाजसेवी द्वारा कलाकारों को सम्मानित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रथम प्रस्तुति शोलो नृत्य हरिद्वार की वसुधा सिन्हा द्वारा किया गया। शहर की प्रसिद्धि, प्रियल, सनिक्षा, मनस्वी, सुचित्रा, शिवांशी, पलक, दिव्यांका, कनिष्का द्वारा कत्थक नृत्य में ठुमरी की सुंदर प्रस्तुति दी। कृष्ण भजन ऐसो रचो रास में नव अंकुरित कला साधकों द्वारा राधा-कृष्ण के स्वरूप में सुन्दर प्रस्तुति दी। स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा संस्कार लोकगीतों का सुंदर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

# समस्याओं को लेकर 10 को आमरण-अनशन

**राजनांदगांव।** नगर पालिक निगम के कर्मचारियों की समस्याओं एवं जनता के मूलभूत समस्याओं को लेकर आगामी 10 अप्रैल को आमरण-अनशन करने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव प्रेमनारायण वर्मा ने बताया कि नगर निगम राजनांदगांव के कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। साथ ही भविष्य निधि राशि नियमित जमा नहीं हो रहा है। उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन कर कर्मचारियों का स्थाईकरण नहीं किया जा रहा है एवं आम जनता को समुचित पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर महापौर, नगर निगम आयुक्त, कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी एवं नगरीय निकाय रायपुर आयुक्त को आवेदन दिया गया। जिसमें 15 दिनों के अंदर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आगामी 10 अप्रैल को आमरण अनशन किया जाएगा। छमुमो के जिला सचिव प्रेमनारायण वर्मा ने बताया कि नगर के समस्त वार्डों में दोनों टाईम समुचित पेयजल प्रदाय करने, वार्डों में समुचित साफ-सफाई एवं नालियों में दवाई आदि का छिड़काव करने की व्यवस्था, नगर पालिक निगम में कार्यरत प्लेसमेंट दैनिक वेतन भोगी कमचारियों को पिछले 4 माह का वेतन प्रदाय करने, उक्त कर्मचारियों का काटा गया प्राव्हीडेड फड जो 2 वर्षों से जमा नहीं किया गया है उसे ब्याज सहित इनके खाते में जमा करने तथा प्रतिमाह पेमेंट स्लिप वितरित करने, त्यौहारी छुट्टी प्रदाय करने, वार्डों में पंप आदि उपकरण को सही ढंग से रखरखाव व मरम्मत कराने, माननीय उच्च न्यायालय के रिट याचिका 766/2011 एवं 1185/2024 पर दिए गए आदेश कर्मचारियों को नियमित करने, शासन के आदेश की गलत व्याख्या कर 29-09-2010 को निकाले गए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त करने पर 23-09-2010 के आदेश को निरस्त करने के कारण पुन मस्टर रोल करने समेत अन्य समस्याओं को लेकर ध्यानाकर्षण कराया गया।

# आचार्य पदारोहण दिवस श्रद्धा से मनाया

- प्रतिभास्थली की छात्राओं ने दी मनोरम प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दिगम्बर जैन तीर्थ चंद्रगिरि में 105 आर्यिका आदर्शमति माता ससंघ एवं 105 आर्यिका अपूर्वमति माता ससंघ के सानिध्य में 108 आचार्य समयसागर महाराज का प्रथम आचार्य पदारोहण दिवस भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया।

भक्तों ने प्रातः 7 बजे अभिषेक, शांतिधारा एवं शांति विधान किया। सुबह 9 बजे से 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की नित्य पूजा एवं संगीतमय आरती की गई। दोपहर 2 बजे से विद्या गुरु समय गुरु की भावपूर्ण पूजा की गई।अपरान्ह 3 बजे से आर्यिका संघ के मंगल प्रवचन हुए एवं प्रतिभास्थाली की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य एवं नाटक की प्रस्तुति दिया।



### एक पद छोड़ दूसरे पद को किया जाता ग्रहण

इस मौके पर आर्यिका अंतरमति माता ने कहा कि एक पद को त्यागकर ही दूसरे पद को ग्रहण किया जाता है यह परम्परा आदि अनंत है। आचार्य ज्ञानसागर महाराज ने अपना आचार्य पद त्यागकर आचार्य विद्यासागर महाराज को दिया और आचार्य विद्यासागर ने अपना आचार्य पद आचार्य समयसागर महाराज को दिया। यह क्रम आचार्य शांतिसागर महाराज से लगातार चला आ रहा है। यह परंपरा संघ को व्यवस्थित चलाने के लिए अनिवार्य है। आचार्य श्री ने पहले आचार्य पद का त्याग अन्तरंग ही कर दिया था । उन्होंने संघ को गुरुकुल बनाया और इस संघ को संचालित करने और उत्तरोतर विकास के लिए आचार्य समयसागर महाराज को आचार्य पद से सुशोभित किया।

# कर्म कभी किसी को नहीं छोड़ता : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माहेश्वरी समाज द्वारा गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ से शास्त्री ईश्वरचंद ने कहा कि कर्म गतिशील होता है। कर्म की एक गति होती है और कर्म किसी को भी नहीं छोड़ता। शरीर धारण करते ही आप गुणों से बंध जाते हैं। संसार में सब कुछ जगदंबा ने बनाया है। देव भी गुणों से बंधे हैं। पहले प्रारब्ध आता है और पीछे शरीर आता है। शरीर को धारण करते ही आप सुख-दुख से बंध जाते हैं। यह सुख-दुख आपके कर्मों के आधार पर होता है।

शास्त्री ईश्वरचंद व्यास ने कहा कि कबीर दास एक अवतार हैं। वह पहले अवतार हैं। दूसरे अवतार स्वामी रामदास और तीसरे अवतार रामकृष्ण परमहंस देव तथा चौथे अवतार श्रीराम शर्मा आचार्य हैं। उन्होंने कहा कि हम कर्म करने में स्वतंत्र हैं, किंतु कर्म के साथ आज्ञा भी जरूर होती है। वेदों में भी हमें आज्ञा के अनुसार कर्म करने को कहा गया है। वेदों ने हमें आज्ञा दी है कि माता-पिता देव के समान हैं, किंतु हम माता-पिता को देव का स्थान नहीं देते। उनकी आज्ञा का पालन नहीं करते हैं। वेदों ने हमें कहा है कि धर्म के अनुसार कार्य करो, किंतु हम धर्म के अनुसार कार्य नहीं करते। उन्होंने कहा कि जिन्होंने मनमाना कर्म किया है, वह दुखी होता है।

शास्त्री ने कहा कि कोई किसी को दुखी नहीं करता और कोई किसी को सुखी नहीं करता। मनुष्य अपने कर्म से दुखी और सुखी होता है, लेनदेन के आधार पर आप संसार में आए हैं। जिसका लिया है उसे चुकाना ही होता है। प्रारब्ध को हम भोगते हैं। मनुष्य कामी, क्रोधी, राग-द्वेष वाला होता है। मनुष्य को धर्म करने के लिए कहना पड़ता है, किंतु अधर्म करने के लिए कुछ भी नहीं कहना पड़ता।

## वार्षिक कार्ययोजना को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

# जिला स्तरीय स्काउटर गाइडर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट लालजी द्विवेदी के आदेशानुसार जिला सचिव केके वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्काउटर गाइडर की बैठक विज्ञान भवन में आयोजित किया गया जहाँ सालाना कार्ययोजना व गतिविधियों को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा बाद योजना बनाई गई।

बैठक में जिले के सभी स्कूलों में स्काउट गाइड के माध्यम से खैरागढ़ छुईखदान मुख्यालय में प्याऊ घर का संचालन को लेकर सहमति बनी। तृतीय निपुण पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके स्काउट को राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा में शामिल होने आवेदन करने कहा गया। ऑनलाइन पंजीयन स्काउट गाइड पोर्टल पर सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर कब बुलबुल की पंजीयन करने कहा गया वही सभी बेसिक कोर्स प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर लीडर, रेंजर लीडर, कब मास्टर, फ्लॉक लीडर को अधिकार पत्र वारंट व एडवांस प्रशिक्षण कोर्स करने के लिए निर्देशित किया गया। प्राथमिक शाला कब बुलबुल और पूर्व माध्यमिक शाला में स्काउट गाइड को जोडऩे के लिए पंजीयन कराने कहा गया। गौरतलब है कि जिले के स्काउटिंग गाइडिंग को सुचारू रूप से संचालन करने के लिए राज्य से जिला संगठन आयुक्त गाइड ललिता कोसारे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट विशाल ठाकुर व जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड शकुंतला ठाकुर को नियुक्त किया गया है, जो जिले के स्काउट गाइड को आगे बढ़ाने में अपने दायित्व का निर्वाहन करेंगे।




### संगठन की मजबूती पर दिया जोर

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट लालजी द्विवेदी ने जिले मे स्काउट-गाईड की समस्त गतिविधियों का सुचारु रूप से संचालन करने स्काउट शिक्षकों को प्रेरित किया। भारत स्काउट गाइड राज्य इकाई के आजीवन सदस्य व व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह ने जिले मे स्काउट गाइड का संगठन मजबूत करके समुदाय के सहयोग से वार्षिक कार्ययोजना को मूर्त रूप देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना, धनुष सिन्हा, खैरागढ़ ब्लक सचिव सुनील गुनी, छुईखदान ब्लाक सचिव पूर्णिमा नेताम, श्रीष पाण्डेय, हेमसिंह वर्मा, जयप्रकाश झा, सरस्वती खरे सहित जिले के विभिन्न स्कूलों से आए स्काउटर गाइडर, प्रभारी प्राचार्य, स्काउट, रोवर की उपस्थित थे।



## सार समाचार

### वंशिका को मिले 91 फीसदी अंक



**राजनांदगांव।** शहर की दीपिका विद्या मंदिर में कक्षा 6वीं में पढ़ने वाली वंशिका साहू ने वार्षिक परीक्षा में 91.3 फीसदी अंक हासिल किए। वंशिका साहू संतोष और संगीता साहू की पुत्री है।

### राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल स्पर्धा में गरिमा का चयन



**राजनांदगांव।** शहर के फुटबॉल प्रशिक्षक केन्द्र शॉकर ट्रेनिंग सेंटर की महिला फुटबॉल खिलाड़ी गरिमा श्रीवास का चयन मणिपुर में आगामी 10 अप्रैल को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। चयनित होने वाली गरिमा शहर की एकमात्र खिलाड़ी है। गरिमा का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। गरिमा खेलो इंडिया और कई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है और जिले तथा प्रदेश का नाम रौशन कर रही है। गरिमा इससे पहले भी कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है और अपने खेल कौशल का जौहर दिखा चुकी है। इससे पहले सितंबर 2023 उड़ीसा के भुनेश्वर में आयोजित अंडर-17 महिला ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। 6वीं राष्ट्रीय खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023-24 में भी इनके उत्कृष्ट खेल के आधार पर इनका चयन हुआ था। इस प्रकार से गरिमा कई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी है।

### नाबालिग से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी का पतासाजी कर गिरफ्तार किया है। जिसके विरूद्ध कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 अप्रैल को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ गांव का पड़ोस में रहने वाला रिश्तेदार द्वारा अनैतिक कृत्य किया गया है। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में थाना से पुलिस टीम तैयार कर मामले में अग्रिम विवेचना करते मामला पंजीबद्ध होने के महज 18 घंटे के भीतर आरोपी का पता तलाश कर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया जाने बताने पर आरोपी देवनाथ मंडावी 52 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय समक्ष पेश करने बाद माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया।

### गैंदाटोला में बिजली की आंख मिचौली

**गैंदाटोला।** छुरिया क्षेत्र के गैंदाटोला एवं आसपास गांव के ग्रामीण व किसान बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं, जिस कारण किसान आंदोलन के लिए गांव-गांव में मीटिंग लेकर बिजली ऑफिस का घेराव करने मजबूर हो रहे हैं। लो-वोल्टेज एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर विरोध प्रदर्शन एवं चक्काजाम करने की तैयारी में है। गांव एवं आसपास के क्षेत्र में कई दिनों से बिजली की आंख मिचौली चल रही है। जिससे घरों में लगे पंखा व कूलर काम नहीं कर रहे हैं एवं व्यापार पर भी इसका सीधा असर पड़ा है। इलेक्ट्रॉनिक दुकान, रिपेयरिंग शॉप, फोटोकॉपी सेंटर एवं दैनिक जरूरत की चीजों से जुड़े व्यापार ठप पड़े हैं। जबकि गैंदाटोला एक बड़ा व्यापारिक केंद्र है। इसका सीधा असर नागरिकों पर पड़ रहा है। ग्रामवासियों द्वारा लगातार शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आए दिन बिजली की समस्या होने के कारण ग्रामीण नाराज हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे आम जनता में नाराजगी देखी जा रही है। इस समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है एवं चक्काजाम करने का निर्णय लिया गया है।



### शहर में आज निकलेगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** रामनवमी के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल को रामनवमी शोभायात्रा समिति द्वारा आयोजित शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर है। समिति की ओर से इस यात्रा को भव्य और दिव्य बनाने विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। शोभायात्रा दोपहर 3 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के सभी प्रमुख मार्गों से होकर वापस महावीर चौक हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक झलक विशेष रूप से देखने मिलेगी। आकर्षक पंथी नृत्य, आदिवासी नृत्य एवं राउत नाचा की विशेषज्ञ मंडलियों द्वारा यात्रा के दौरान अपने नृत्य एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन करते शहरवासियों को रामनवमी की बधाई देते चलायमान रहेंगी। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान राम दरबार की झांकी होगी। जिसमें आकर्षक रूप से उनके भव्य दरबार का दर्शन धर्मप्रेमियों को होगा। यात्रा में संगीत और देवताओं की चलित विभिन्न झांकियों की प्रस्तुतियां भी होगी, जो दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित करेंगी।

### कार्यकर्ताओं ने की कार्यालय की सफाई

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार उत्तर एवं दक्षिण मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के स्थापना दिवस के पूर्व भाजपा कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर भाजपा स्थापन दिवस की शुरूआत की। शनिवार सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय की साफ-सफाई की। इस दौरान प्रमुख रूप से मंडल भाजपा के पदाधिकारीगण, युवा मोर्चा महिला मोर्चा के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### गायत्री टैलेन्ट सर्च का आयोजन

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में 29 मार्च को गायत्री टैलेन्ट सर्च 2025 का भव्य आयोजन किया गया। दो समूह में आयोजित प्रतियोगिता जिले के सभी विद्यार्थियों के लिए रखी गई थी। जिसमें प्राम समूह में 7 से 12 वर्ष एवं द्वितीय समूह में 13 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए यह प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में फैंसी ड्रेस, डांस, गायन, वादन, ड्राइंग, योगा एवं खेल जैसी महत्वपूर्ण विद्या शामिल हैं। इसमें विद्यालय के विभिन्न प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागी भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। शाला प्राचार्य शैलजा नायर ने कहा कि यह प्रतियोगिता नगर के विभिन्न प्रतिभावान बच्चों को मंच प्रदान कर उनमें छिपी प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें आगे लाकर उनके व्यक्तित्व को और भी बेहतर बनाना हमारा उद्देश्य है। इसमें विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार के साथ-साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान कर उनके सुनहरे भविष्य हेतु मार्गदर्शन एवं अवसर प्रदान किया जाएगा। जिसके प्रथम चरण में यह शुभारंभ शानदार रहा। इसका दूसरा चरण आगामी 10 अप्रैल को होने जा रहा है। जिसका मेगा फाइनल 13 अप्रैल को विद्यालय परिसर में ही आयोजित होगा। इस अवसर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, तरणजीत सिंह टूटेजा व शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# स्थापना दिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को संध्या 7 बजे भाजपा कार्यालय में अपने आधार स्तंभ नेता श्रद्धेय स्व. शिवकुमार शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष ध्वजारोहण पश्चात एकता अग्रहरि द्वारा वंदे मातरम गान के साथ पार्टी के जयघोष के नारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की एवं भारतमाता की जयघोष के साथ अपने 46वें स्थापना दिवस को यादगार बनाने आगामी कार्ययोजना की प्रस्तावना भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने रखी। उन्होंने बताया कि इस बार की स्थापना दिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर जयंती तक मनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता देने का आह्वान किया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, योगेश दत्त मिश्रा, सौरभ कोठारी, नरेश बैद पतली, सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता, तरुण लहरवानी, हकीम खान, बृजमोहन जोशी, इरफान खान, रवि सिन्हा, हरीश शर्मा, बलवंत साव, मनोज निर्वाणी, रूपचंद भीमनानी, गिन्नी चावला, आकाश चोपड़ा, मधु बैद, शेखर यादव, चिंटू सोनकर, राजेश यादव, रमेश नारायणी, शैंकी बग्गा, राजा माखीजा, रघुवीर वाधवा, देवशरण सेन, जैनम बैद, संयम वेद, कमल सोनी, प्रकाश बिंदल, रमेश सोनवानी, गोलू सूर्यवंशी, नंदू भूतड़ा, अजीत जैन, सुमित आजमानी, याददास साहू, ईशान शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### योगदान देने का आह्वान

मीडिया सेल के अनुसार स्थापना दिवस पर पार्टी की आधार संरचना के बारे में श्रम कल्याण मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्र ने अपने विचार रखे। तत्पश्चात संतोष अग्रवाल एवं कोमल सिंह राजपूत ने पार्टी के संघर्षकाल को बताते आज की स्थिति पर अपनी बात रखी। तत्पश्चात पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने भी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते प्रत्येक कार्यकर्ता को सेवा पखवाड़े में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

# नर्मदा मंदिर में ज्योति कलश विसर्जित



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पर्व धार्मिक माहौल में मनाया गया। नौ दिन तक नर्मदा मंदिर माता के भक्तो से गुलजार रहा। हजारों श्रद्धालु माता रानी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पर्व के अंतिम दिवस रविवार को संध्या समय मां नर्मदा मंदिर में श्रद्धालुओ द्वारा प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ महिला सेवा मंडली जस गीत से यात्रा की अगवानी किया। विसर्जन कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु सामिल होकर अपनी आस्था प्रकट किया। मंदिर में इस बार 191 ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया था।

### आरटीई के तहत पंजीयन 8 तक

**राजनांदगांव।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सत्र 2025-26 के लिए छात्र पंजीयन के आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 8 अप्रैल तक कर दी गई है। वर्तमान में राजनांदगांव जिला अंतर्गत आरटीई के तहत कुल निजी स्कूल 175 संचालित हैं। जिले के पात्र बच्चे जो निजी विद्यालय में आरटीई पोर्टल के माध्यम से सत्र 2025-26 हेतु कक्षा नर्सरी, केजी-1 एवं कक्षा पहली में प्रवेश के इच्छुक है, ऑनलाईन पंजीयन नहीं करा सके हैं। उनके लिए ऑनलाइन पंजीयन हेतु पोर्टल की समय-सीमा बढ़ाकर 8 अप्रैल तक कर दिया गया है।

# दैवेभो कर्मियों व श्रमिकों की वेतन दर निर्धारित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावशील न्यूनतम वेतन अधिनिमय 1948 में निहित प्रावधान सह पठित श्रम विभाग की अधिसूचना के अनुसार नियोजन भाग-एक के 45 नियोजन तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक न्यूनतम वेतन तथा परिवर्तनशील महंगाई भत्ता की दरें निर्धारित किया गया है। यह मासिक एवं दैनिक वेतन दरें 1 अप्रैल 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक लागू रहेंगी। दैनिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अकुशल, अर्धकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल वर्ग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अ, ब एवं स जोन में विभक्त किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर खंड-3 द्वितीय तल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर के वेबसाईट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# फिट इंडिया संडे साइकिल रैली का आयोजन

**राजनांदगांव।** स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव और राजनांदगांव पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन में एएसपी राहुल देव शर्मा व मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन से नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। फिट इंडिया संडे साइकिल रैली कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से ऑडिटोरियम चौक गौरवपथ ध्यानचंद चौक होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर समाप्त की गई। जिसमें 150 साइकिल के साथ पुलिस विभाग के आरक्षक, खिलाड़ी, कोच, स्टॉफ के साथ परंपरा शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान परंपरा ग्रुप के सदस्यों ने भाग लिया।



# महेन्द्र को बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में मिला 5वां स्थान

**राजनांदगांव।** 15वीं जूनियर मास्टर, दिव्यांग राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप 2025 बिलासपुर के रेल क्लब न्यू आडिटोरियम में 29 एवं 30 मार्च को आयोजित की गई। इस राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन छग प्रदेश बॉडी बिल्डिंग संघ एवं जिला बिलासपुर बॉडी बिल्डिंग के तत्वावधान में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता के संबंध में राजनांदगांव जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, जिला जिम संचालक संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने संयुक्त रूप से बताया कि छग प्रदेश बॉडी बिल्डिंग संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सभी प्रदेशों के जूनियर मास्टर एवं दिव्यांग वर्ग के बॉडी बिल्डरों के मध्य यह स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें लगभग भारत वर्ष से 350 खिलाड़ी एवं ऑफिशियलों ने भाग लिया। इस स्पर्धा में राजनांदगांव जिले से एकमात्र दिव्यांग वर्ग में महेन्द्र यदु भाग लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व दूसरी बार किया।



महेन्द्र यदु उक्त राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेकर अपनी सुगठित मांसपेशियों का प्रदर्शन कर उक्त स्पर्धा में छाए रहे। वह अपने वर्ग में पांचवां स्थान प्राप्त करने पर सफलता प्राप्त की। आयोजन कमेटी द्वारा उन्हें सम्मान, टॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र सहित आठ हजार रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया गया। स्पर्धा में जिले की टीम की टीम ओर से मैनेजर के रूप में शुभम सोनी व सूजल यादव ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महेन्द्र यदु के राष्ट्रीय स्तर के स्पर्धा में पांचवा स्थान प्राप्त करने पर अजय श्रीवास्तव, अमित आजमानी, मधुसूदन यादव, नरेश डाकलिया, जितेन्द्र मुदलियार, मनीष सिंह गौतम, नाहिद अख्तर, बसंत मैगी, नीरज शुक्ला, तामेश्वर बंजारे, अंजू बंजारे, डॉ. रोहन सोनकर, खिलेश्वर बंजारे, गोपेन्द्र बंजारे, जयकिशन शर्मा, पोषण देशलहरे, अजय देशलहरे, शैलेन्द्र सिंह बंधे, उपेन्द्र कुमार, डॉ. आरबी सोनकर, कितांश कुमार आदि ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जिम के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।

# अवैध शराब व नकली होलोग्राम और स्टीकर मामले में कांग्रेस विधायक मौन क्यों?

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने छग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं छग राज्य के प्रभारी एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मांग की है कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना के अंतर्गत ग्राम करवारी के एक फार्म हाऊस में बड़े पैमाने पर मध्यप्रदेश की अवैध शराब एवं नकली होलोग्राम और स्टीकर आदि की जब्ती रोहित नेताम ऊर्फ सोनू के फार्म हाऊस में 29 मार्च को जब्ती बनाई गई, लेकिन कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व शीर्ष नेताओं को यह बताने पत्र लिखना पड़ रहा है कि जहां एक ओर राजनांदगांव जिले में कांग्रेस पार्टी के आठ में से 5 विधायक कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित हैं और सीनियर विधायक भी हैं, उसमें डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की हर्षिता स्वामी स्वयं विधायक हैं, उसके बावजूद डोंगरगढ़ के करवारी में अवैध शराब और नकली होलोग्राम और स्टीकर जैसे गंभीर भष्ट्राचार के मामले में कांग्रेस के पांचों विधायक पूरी तरह से चुप है क्यों?



### नलकूप खनन के लिए राशि स्वीकृति

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से विखं के 44 ग्रामों में पेयजल के लिए राजस्व मद से नवीन नलकूप खनन के कार्यों के लिए 99 लाख 36 हजार रुपए की स्वीकृति प्राप्त होने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। इसके लिए ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है। छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत राजस्व मद से राजनांदगांव विकासखंड के 44 ग्रामों में नलकूप खनन के लिए 99 लाख 36 लाख रुपए का स्वीकृति प्रदान की गई।

# खेलो इंडिया वुशु सिटी लीग का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** खेलो इंडिया के तहत संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में खेलो इंडिया वुशु सिटी लीग का रंगारंग और भव्य शुभारंभ संस्कार सिटी के प्राचार्य के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री एक्का ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना और उनकी सफलता की कामना की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलो इंडिया की इस महत्वकांक्षी योजना की प्रशंसा की।

इस अवसर पर संस्कार सिटी स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वुशु खिलाड़ियों द्वारा वुशु खेल के जबर्दस्त आत्मरक्षा, वेपन्स और सांडा फाइट प्रदर्शन ने समारोह में चार-चांद लगा दिए। इस अवसर पर ललित अग्रवाल, अतुल देशलहरा, रेखा तिवारी, अशोक पारख, विकास जोशी समेत अन्य लोग शामिल थे। उदघाटन समारोह में वुशु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सचिव डी. कोंडया ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ग्रास रूट लेवल से आ रहे खिलाड़ियों की इस पौध से संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में वुशु खेल के विकास में काफी सहयोग मिलेगा और यह खेल और इसके खिलाड़ी विशेष रूप से महिला बालिका खिलाड़ी सफलता की नई गाथा लिखेंगे। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित प्रतियोगिता के कुल सीरीज में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पदक विजेताओं के लिए प्रमाण पत्र व मैडल दिया गया है।




पृष्ठ 13 का शेष

### सहकार से समृद्धि...

**केसीजी जिले में भी मिलेगी सुविधा**

मानपुर नाका, ढाबा, संबलपुर, भुरभुसी, पथर्रा, लक्ष्मणपुर, कोर्राव, भूलाटोला, गातापार जंगल, चिचोला, बरबसपुर, कुकुरमुड़ा, साल्हेकसा, जामगांव, ठाकुरटोला, दामरी, भरतपुर, धनगांव, बघमर्रा, दिलीपपुर, कुम्ही, नवागांवकला, मदराकुही, देवारीभाठ, महरूमकला।

**एमएमसी में भी डेढ़ दर्जन नई समिति**

वासडी, माडिंगपीडिंग भूर्सा, पुतरगांव, आलकन्हार, कुम्हली, टोहे, भावसा, दिघवाड़ी, सरखेड़ा, कंदाड़ी, गौलीटोला, आड़ेझर, दाउटोला, चिखली, रेंगाकठेरा, अरजकुंड, कोरचाटोला, मुड़पार में नई सहकारी समितियां बनाई जाएगी।




# मात्र कर्म धर्म से भगवद् प्राप्ति सम्भव नहीं

**राजनांदगांव।** स्टेट हाई स्कूल मैदान में जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी जी की दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के तेरहवें दिन देवीजी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाणों सहित बताया कि कुछ लोग कर्म-धर्म के द्वारा ईश्वर को पाना चाहते हैं।

किन्तु भगवान श्री कृष्ण कहते हैं सर्वधर्मान परितज्य मामेकम शरणम व्रज, सब धर्मों को छोड़कर मेरी शरण में आ जाओ, क्योंकि कलियुग में कर्म-धर्म का आचरण करना कठिन ही नहीं असम्भव है। किसी भी कर्म-धर्म में मंत्र, देश, काल, कर्ता, आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है और यदि मंत्र उच्चारण में ही त्रुटि हो गई या क्रिया के विधान आदि में त्रुटि हो गई तो ये सभी कर्म-धर्म यजमान का नाश कर देंगे। जैसे बिजली घर में अगर गलत तार कहीं से जुड़ गया तो पूरी मशीनरी खराब हो जाती है। इसी प्रकार गलत मंत्र उच्चारण करने पर पूरा कर्म-धर्म नष्ट हो जाएगा और हमें दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा और यदि धर्म का आचरण कलियुग में कोई कर भी ले यदि कोई वेदों का ज्ञाता है तो भी उसका परिणाम मिलेगा।हमें स्वर्ग और स्वर्ग नश्वर होता है। स्वर्ग से लौटकर हमें फिर कूकर, शूकर, कीट, पतंगादि हीन शरीरों में भटकना पड़ता है, इसलिए कर्मयोग का उपदेश भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन को दिया गया है - निरंतर मन ईश्वर में लगाकर कर्म कर। तात्पर्य यह है कि मन से ईश्वर में अनुराग हो एवं शरीर से शास्त्रोक्त कर्म भी हो, वही कर्मयोग कहलायेगा। कर्म के साथ-साथ भगवान को याद करो। किसी भी कर्म को करते समय यह याद रखो कि ईश्वर का ही दिया सब कुछ है और उन्हीं की भक्ति करते हुए हम अपने कर्तव्य का पालन करेंगे, किन्तु किसी भी कर्म में आसक्ति न हो और यदि कोई पूछे कि ऐसा कैसे हो कि हम सांसारिक कर्म करें और आसक्ति न करें? तो यह तब होगा, जब हमारे मन का लगाव या मन का प्यार ईश्वर में हो जाएगा। यह धीरे-धीरे अभ्यास से ही होता है।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025



## खबर संक्षेप

### रात्रिकालीन फुटबॉल स्पर्धा का 10 से आगाज़


**राजनांदगांव।** काका फुटबॉल क्लब द्वारा स्थानीय स्टेट हाईस्कूल में आयोजित 7ए साइड रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज 10 अप्रैल से होगा। राजनांदगांव के फुटबॉल के खेल व खेलप्रेमियों के लिए एक नए अध्याय जोड़ेगा। इसमें आईपीएल की तर्ज पर कुल 10 टीम होंगी, जिन्हें टीम मालिक खिलाड़ियों का चयन करेंगे। जिसमें प्रत्येक टीम लीग मैच अपने-अपने ग्रुप की टीमों से लीग मैच खेलेगी और दोनों ग्रुप की श्रेष्ठ 2-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेगी।

राजनांदगांव के समस्त फुटबॉल प्रेमियों के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिलेभर के श्रेष्ठ खिलाड़ियों में से कुल 120 खिलाड़ियों का चयन, टीम मालिकों द्वारा किया जाएगा। जिससे 10 टीम तैयार की जाएगी। विजेता टीमों को 71000 रुपए नगद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उपविजेता टीम को 41 हजार रुपए व ट्राफी एवं साथ में आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया ने बताया की प्रतियोगिता के सभी मैच राजनांदगांव के स्थानीय स्टेट हाईस्कूल मैदान में खेले जाएंगे, जो एक अच्छा मैदान है। यह प्रतियोगिता फुटबॉल खिलाड़ियों में नई ऊर्जा प्रदान करेगी। खेल शिक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि राजनांदगाव के अधिकांश स्थानीय खिलाड़ियों की भागीदारी इस प्रतियोगिता को और खास बनाती है।

### चाकू लहराकर डराने वाला पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर की सूचना पर चिखली शराब भट्ठी के पास रोड किनारे धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे भास्कर खान 24 साल निवासी दीनदयाल नगर चिखली को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

मांय एंगल




# शराब कंटेनर तक पहुंची पुलिस, कॉल डिटेल की जांच में सामने आ रहे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी रोड स्थित फार्म हाउस में शराब की अवैध बॉटलिंग किए जाने वाले मामले में पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ा दी है। छत्तीसगढ़ समेत कुल पांच राज्यों में पुलिस की टीम दस्तक देकर पूछताछ करने में जुटी हुई है।

इस मामले में जिस कंटेनर में शराब की खेप लाई गई थी, उसको भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। इसके साथ ही पकड़े गए आरोपी सोनू नेताम के फोन की डिटेल निकाल ली गई है। इससे मिली जानकारी के अनुसार भी पुलिस अपनी कार्रवाई आगे बढ़ा रही है।

## अब तक मामले में ग्यारह आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

### इन शहरों में पहुंची टीम

पुलिस की टीम ने इस मामले में कुल पांच राज्यों में अपनी जांच की है। इसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों के साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार एवं तेलंगाना राज्य शामिल हैं। इन राज्यों में पहुंचकर पुलिस की टीम आरोपियों के साथ ही शराब की खेप एवं नकली होलोग्राम व स्टीकर की छपाई का पता लगा लिया है। अब इस मामले में कंटेनर की जब्ती भी कर ली गई है।



### ब्यूरो में शिकायत

इधर शहर के पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने इस मामले की शिकायत राज्य के आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में भी की है। श्री ओस्तवाल ने कहा कि राज्य की पूर्व सरकार में शराब घोटाला और नकली होलोग्राम के मामले में कई नेता और अफसर चपेट में है।

### कॉल डिटेल करेगा खुलासा

पुलिस ने जब आरोपी सोनू नेताम को पकड़ा था, उससे पहले ही सोनू ने अपने मोबाइल के पूरे डेटा को डिलीट कर दिया था। ऐसे में पुलिस को एक्सपर्ट के जरिये मोबाइल का डिलीटेड डाटा वापस हासिल करना पड़ा। अब सीडीआर मिलने के बाद पुलिस उसकी भी गहन जांच कर रही है। सूत्रों की माने तो डोंगरगढ़ के कई नाम इस कॉल डिटेल में सामने आ रहे हैं। पुलिस उन लोगों से भी पूछताछ कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि चार दिन पहले इस मामले का खुलासा होने के बाद से ही हड़कंप मचा हुआ है। कई रसूखदारों के नाम इस मामले में सामने आ सकते हैं। यही कारण है कि पुलिस महकमा भी जांच में पूरी गंभीरता दिखा रहा है। जिला पुलिस महकमा के अलावा आईजी दीपक झा भी पूरे मामले पर अपनी नजरें बनाए हुए हैं। अवैध बॉटलिंग को लेकर हर पहलू से जांच करने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया गया है। आरोपी से भी लगातार पूछताछ की जा रही है। हालांकि आरोपी अपना बयान बार-बार बदल रहा है। जिससे पुलिस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## धान खरीदी से लेकर खाद-बीज लेने में किसानों को मिलेगी सहायता

# सहकार से समृद्धिः पुनर्गठन के बाद चार जिलों में बढ़ेगी 140 सोसायटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा हर गांव में सोसायटी को अस्तित्व में लाए जाने की प्रक्रिया पर राज्य सरकार ने अपनी कवायद शुरू कर दी है। सहकार से समृद्धि लाने के लिए राज्य सरकार ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन 222 सोसायटियों का पुनर्गठन करते नई 140 सोसायटियों को अस्तित्व में लाने की कवायद की है। इसके बाद अब जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत चार जिलों में 362 सहकारी समितियां हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक लगातार सहकार के क्षेत्र में बेहतर काम करने की कवायद में जुटी हुई है। सहकारिता के क्षेत्र में आधुनिकता लाने के साथ ही हर किसान तक आसान तरीके से सहकारी समितियों की पहुंच करने की मंशा से अब प्रदेशभर में सहकारी समितियों का पुनर्गठन किया गया है। इसका लाभ राजनांदगांव, कवर्धा, एमएमसी सहित केसीजी जिले के भी किसानों को मिलेगा। अब इन किसानों को खाद, बीज, ऋण से लेकर धान बिक्री तक के लिए अपने गांव के करीब ही सहकारी समितिया मिल जाएगी।

⏩ शेष पेज 14 पर




### राजनांदगांव में सर्वाधिक नई समिति

धर्मापुर, अंजोरा, मनकी, आरला, संबलपुर, मलपुरी, बुद्धुभरदा, बोईरडीह, केशाल, जयसिंगटोला, बूचाटोला, मुढिया, पुरैना, खुड़मुडी, सोनेसरार, गोडलवाही, घुपसाल, जरहामहका, झाड़ीखैरी, सड़क चिरचारी, भानपुरी, देवकट्टा, पीटेपानी, झिंझारी, कनेरी, रामपुर, झंडातालाब, मचानपार, ब्रम्हनी, बम्हनीभाटा, घुघवा, मोहड़, आमगांव, चिरचारीकला, आतरगांव, धनगांव, आसरा, भोथली, पीपरखारकला, पिपरिया, कुरूभाठ, रेंगाकठेरा, डुमरडीहकला, मासूल, कौहाकुडा, चवरढाल, नवागांव में नई सहकारी बनाई जाएगी।

### शीघ्र अस्तित्व में आएगी

राज्य सरकार ने नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों को लेकर राजपत्र जारी कर दिया है। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया निपटने के बाद यह अस्तित्व में आ जाएगी। सहकारिता से जुड़े भाजपा नेताओं ने काफी मंथन के बाद नई सोसायटियों का नाम तय किया है।

### कवर्धा जिला

धमकी, कोठार, छांटा झा, बरहट्टी, बेंदरची, निवासपुर, बम्हनी, खड़ौदाकला, खरहटा, बैहरसरी, भालुचुंवा, कबराटोला, बासिनझोरी, बुधवारा, छीरबांधा, दैहानडीह, खड़ौदाखुर्द, सिली पचराही, सूखाताला, कान्हाभैरा, जलती, रायतापारा, पाढ़ी, महीडबरा, मुनगाडीह, चतरी, आगनपानी, छिरपानी, पैलपार, गौरमाटी, सिंगारपुर, रेंगाटोला, टाटीकसा, बानो, गोरखपुरकला, सेमरिया, राजपूत, मोहगांव, पर्थरा, लघान, रक्से, बिसाटोला, कल्याणपुर, मोतीनपुर, खोलवा, घानीखूंटा, रेंगाबोर, खिरसाली शामिल है।

### दावा-आपत्ति का समय

भले ही राजपत्र में नई सहकारी समितियों को लेकर प्रकाशन कर दिया गया हो, लेकिन इन समितियों को अस्तित्व में आने में अभी भी कम से कम दो महीने का समय लगेगा। मिली जानकारी के अनुसार इन सहकारी समितियों के पुनर्गठन के बाद अब दावा-आपत्ति का समय दिया गया है। इसके बाद दावा-आपत्ति का निराकरण कर अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में लगभग दो महीने का समय लगेगा।

### इन नियमों के तहत बनी सोसायटी

नई सहकारी समिति बनाते वक्त यह भी ध्यान में रखा गया कि नवीन सहकारी सोसायटी में कम से कम पांच सौ सदस्य हो। इसके अलावा सोसायटी की सीमाएं दो तहसील या ब्लॉक में ना आए, सोसायटी तक पहुंचने के लिए किसानों को नदी-नाला या तालाब पार कर ना जाना पड़े। वहीं सामान्य क्षेत्र में साढ़े सात सौ हेक्टेयर एवं अजजा के लिए एक हजार हेक्टेयर का रकबा होगा। सोसायटी का मुख्यालय यथासंभव वहां हो, जहां गोदाम, आधारभूत संरचना हो। इन सोसायटियों में सामान्य क्षेत्र में डेढ़ करोड़ एवं अजजा क्षेत्र के लिए 75 लाख रुपए होगा।

### किसानों को मिलेगी सुविधा



किसानों को सुविधा प्रदान करने की दिशा में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय और राज्य सरकार ने पहल की है। किसानों को अब अपनी उपज बेचने के साथ-साथ खाद-बीज लेने दूर नहीं जाना पड़ेगा।

- **सचिन सिंह बघेल,** अध्यक्ष, जिला सहकारी

# सुशासन तिहार में शिक्षकों की लगाई ड्यूटी, नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्षिक परीक्षा और मूल्यांकन कार्य के बीच सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षको की सुशानस तिहार में तैनाती को लेकर अब फेडरेशन की नाराजगी देखने को मिल रही है। सैकड़ो की संख्या में शिक्षको की ड्यूटी सुशासन तिहार में लगा दी गई है, जिसमें अब फेडरेशन की तरफ से गैरशिक्षकीय कार्यों में टीचरों की ड्यूटी लगाने से शैक्षणिक कार्य बाधित होने का हवाला दिया गया है।

इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने कहा कि शासन द्वारा लगातार शिक्षकों का गैरशिक्षकीय कार्यों में ड्यूटी लगाया जा रहा है। जिससे छात्रों के शैक्षिकहित बाधित हो रहा है। वर्तमान में कक्षा एक से चार एवं छठवीं व सातवीं का वार्षिक परीक्षा चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ पांचवी एवं आठवीं केंद्रीकृत वार्षिक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगी है और मूल्यांकन का कार्य शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है।

### गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त करने मांग

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने छात्र हित एवं शैक्षिक कार्यों व शाला अभिलेख कार्यों को ध्यान में रखते शिक्षकों को गैर शिक्षिकीय कार्यों से मुक्त करने की मांग जिला संयोजक ओमप्रकाश साहू, अतुल यदु, ललित प्रताप सिंह, मोहनलाल कोमरे, जिला उपाध्यक्ष बंदिश नेम पांडेय, भारत साहू, मोमन साहू, नरेंद्र कुमार साहू, जिला महासचिव मुकेश कुमार देवांगन, दीपक साहू, जितेंद्र हिरवानी, चेतन दुबे, मिलन साहू सहित अन्य शिक्षकों ने मांग की है।

उन्होंने कहा कि डोंगरगांव विकासखंड के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों की कमी है। प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में औसत दो एवं तीन शिक्षक कार्यरत हैं। जिसमें दो-दो शिक्षकों की ड्यूटी वार्षिक केंद्रीकृत पेपर मूल्यांकन में लगा है एवं एक शिक्षक द्वारा स्थानीय परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। परीक्षा पश्चात स्थानीय कक्षाओं का उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन किया जाना है।

### शिक्षकीय कार्य होगा प्रभावित

5 अप्रैल को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव द्वारा सुशासन तिहार 2025 आयोजन के लिए शिक्षकों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसका प्रशिक्षण 7 अप्रैल को आयोजित किया गया है। वहीं 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक एवं पूरे अप्रैल माह के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। फेडरेशन ने कहा है कि वर्तमान में विद्यार्थियों से संबंधित वार्षिक परीक्षा के समस्त कार्यों का अभिलेख तैयार करना जैसे महत्वपूर्ण कार्य है और 30 अप्रैल के पूर्व सभी कक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित करना है, जो प्रभावित होगा।

# बाइक चोरी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक चोरी कर नंबर प्लेट बदलकर उपयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से बाइक बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार थाना डोंगरगांव क्षेत्र में जुआ, शराब व चोरी की गतिविधियों पर पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। 5 अप्रैल को थाना डोंगरगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी पावेन्द्रा



सेवता उर्फ पवन 37 साल पता वार्ड नं. 6 डोंगरगांव एक बाइक का नंबर प्लेट बदलकर चला रहा है, जो चोरी का है

**बाइक जब्त :** सूचना के आधार पर आरोपी से पूछताछ करने पर अपने पास एक बाइक को मोडिफाईड कर व नंबर प्लेट बदलकर चलाना बताया, जिसे पंचायत चुनाव के दौरान आत्मानंद स्कूल से चोरी करना बताया। आरोपी से बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

# श्रीराम नवमी पर गूंजे जयकारे, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम नवमी पर्व पर अंचल के मंदिरों सहित घरों में विधि-विधान से भगवान श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर पूजा-अर्चना के साथ ही विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर के बल्देवबाग मिलचाल स्थित श्री मानस राम मंदिर में धार्मिक आयोजन के साथ ही भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें जयकारों की गूंज रही।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को राम नवमी मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। आज 6 अप्रैल को यह पर्व अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया। घर-घर एवं मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।





**जयकारों की गूंज :** इस मौके पर मंदिर परिसर सहित विभिन्न सभा समितियों द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। इसके अलावा कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शहर के बल्देवबाग मिलचाल स्थित श्री मानव राम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात यहां भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी रखी गई थी, बाजे-गाजे के बीच निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। वहीं जयकारों की गूंज रही। पर्व के तहत कल 7 अप्रैल को शहर के महावीर चौक से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## श्रद्धा भक्ति के साथ चैत्र नवरात्र का समापन

# जस गीतों के साथ जंवारा विसर्जन, तालाबों में भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व के तहत आज नवमी पर देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ज्योति जंवारा का जसगीतों के बीच शोभायात्रा निकाली गई। तालाब परिसर में पहुंचकर भक्तों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ जंवारा विसर्जन किया।

ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों एवं कई भक्तों ने घरों में भी आस्था के ज्योत जलाकर जंवारा स्थापित किया था। ज्योत जंवारा का नियमित रूप से पूजा-अर्चना जारी रहा। अष्टमी हवन के पश्चात कन्याओं को भोजन ग्रहण कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।





### मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़

पर्व के तहत आज नवमी पर सुबह से भक्तों ने जसगीतों एवं देवी मां के अस्त्र-शस्त्र के साथ ज्योत जंवारा का शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा शहर के मां शीतला मंदिर प्रांगण बूढ़ासागर पहुंची, जहां श्रद्धा-भक्ति के साथ जंवारा का विसर्जन किया गया। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर सहित घरों में स्थापित ज्योत जंवारा का विसर्जन करने का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान तालाब परिसर में भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही एवं माता के जयकारों की गूंज रही। इधर बड़ी संख्या में भक्तों ने नवरात्र पर व्रत भी धारण किया था, जिसे आज पूजा-अर्चना के साथ पूर्ण किया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHCPEDICS),
FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

मेले को सुचारू रूप से आयोजन करने जिला पुलिस प्रशासन व सीसी टीवी कैमरे का तैयारीयां किया जा रहा हैं

# 10 अप्रैल से, गूंजेगा बाबा गुरु घासीदास का संदेश तीन दिवसीय सतनाम मेला आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड समीपस्थ ग्राम बरबसपुर में 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन समस्त ग्राम वासियों द्वारा आयोजन किया जा रहा हैं। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा गुरु की प्रार्थना कर अच्छे कार्य करने का संकल्प लेंगे। सतनाम मेले का शुरुआत गुरु घासीदास की सत्य अहिंसा के प्रतीक विशाल जैतखाम, अमर ज्योति कलश जो 17 वर्षो से जल रहा हैं व गुरु गद्दी की स्थापना कर मेला का शुभारंभ किया जाएगा।


इस दौरान गुरु की प्रार्थना करते हुए सतनाम अनुयायियों ने अच्छे कार्य करने का दृढ़ संकल्प लेंगे। मेले में सतनाम पंथ के प्रमुखों व अनुयायियों के द्वारा तीन दिनों तक जोड़ा नारियल को हाथ में रख कर अमर ज्योति कलश तक भुइयां नापते है। तीन दिनों तक गांव में गुरु घासीदास बाबा का सभी श्रद्धालुओ के भव्य भंडारा का आयोजन रखा जाता हैं इस वर्ष भी भोजन भंडारा का आयोजन किया गया।

सतनाम पंथ समिति के अध्यक्ष विजय कोशले ने बताया की मनखे-मनखे एक समान का संदेश जन-जन तक पहुंचने के लिए हर वर्ष विभिन्न पंथी पाटियो द्वारा जन जागृति पैदा व मांदर के धुन पर कलाकारों के द्वारा सत्य,अहिंसा, शांति, एकता और भाईचारे के संदेशों का प्रसार सतनाम मेले के माध्यम से मानव समाज को जगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान समाज के लोगों के द्वारा गुरु की प्रार्थना कर हर वर्ष अच्छे कार्य करने का संकल्प ले रहे हैं।



### मेले में उमड़ेगा हजारों सतनाम श्रद्धालुओं का सैलाब

तीन दिवसीय सतनाम मेले में लोगों का जनसैलाब उमड़ेगा। क्योंकि सतनाम पंथ के अनुयायियों के आस्था का प्रतिक बरबसपुर धाम में भव्य गुरुद्वारा व विशाल जय स्तंभ कुतुबमीनार के तर्ज पर निमार्ण हुआ है, जिसको देखने के लिए पंथ के लोग और अन्य समाज के लोग आसपास गांव के लोग दूरदराज के श्रद्धालु लोग पहुंचकर बाबा के दरबार में आशीर्वाद मांगगे। ताकि मनोकामना पूर्ण हो सके। इस बार बड़ी संख्या में तरह-तरह के दुकानें लगाई जा रही है और बच्चों के मनोरंजन के लिए मेले में झूले, खिलोने, मिठाई और अन्य मनोरंजन का दुकानें सजने लग गई हैं, जिसमें लोग सबसे ज्यादा झूलों को पसंद करते दिखाई देते हैं। सतनाम मेला का उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। एक नहीं सभी समाज सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं और आगे बढ़ते है, जिसे सत्य छुपाया नही जा सकता, देर है अंधेर नहीं क्योंकि बाबा के दरबार में सत्य और अहिंसा का भंडार हैं।




### तीन दिवसीय अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित

प्रथम दिवस: 10 अप्रैल को सुबह छह बजे गुरुद्वारा परिसर में पूजा अर्चना व शाम साढ़े सात से 11 बजे तक सतनाम भजन पंडवानी गायिका प्रतिमा बारले और वही रात्रि 11 बजे से सुबह छह बजे तक मानिक घृतलहरे व साथी कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत दी जाएगी। द्वितीय दिवस: 11 अप्रैल सतनाम मेला का द्वितीय दिवस सुबह छह बजे गुरुद्वारा परिसर में में पूजा पाठ व रात्रि आठ बजे से साढ़े 10 बजे तक पंथी नृत्य सतनाम भजन गायिका प्रतिमा बारले का सतनाम भजन व 11 बजे से समाजिक पदाधिकारीयों का स्वागत व रात्रि 12 बजे से सुबह छह बजे तक पंथी लोकगायक गोफेलाल गेदले व साथी कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वही समापन समारोह: 12 अप्रैल समापन संध्या में जगतगुरु गुरु रुद्र कुमार सतनामी समाज भारतवर्ष के द्वारा सत्य अहिंसा के प्रतीक जैतखाम में श्वेत पालों चढ़ाकर गुरु घासीदास बाबा की अमृत वाणी को जन-जन तक पहुंचाएंगे। वही चौका आरती के साथ रात्रि कालीन में पंथी गीत सम्राट श्याम कुटेलिया द्वारा बाबा की पंथी नृत्य कि सुपर-डुपर गानों में श्रद्धालुओं का भाव विभोर कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# कवर्धा में रामनवमी पर भक्तिभाव की बयार, जानकी रमण मंदिर में गूंजा 'जय श्रीराम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



रामनवमी के पावन अवसर पर आज कवर्धा की फिजा जय श्रीराम के नारों से गूंज उठी। कचहरीपारा स्थित श्री जानकी रमण मंदिर में इस बार रामनवमी पर्व को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। सुबह अभिजीत मुहूर्त में प्रभु श्रीराम के प्रकट्य दिवस का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

वही पुजारी पंडित अखिलेश शुक्ला ने कराया रामलला का अभिषेक सुबह मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ। मंदिर के पुजारी पंडित अखिलेश शुक्ला ने विधिवत अभिषेक और पूजन कर प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इसके बाद श्रीराम का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसमें स्वर्णाभूषणों से अलंकृत रामलला को उनका प्रिय भोग मालपुआ और पंजरी अर्पित किए गए। और वही हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया किया गया। वही राम जन्म के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। हजारों लोगों ने पवित्र प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिभाव में रंगा दिखा।

प्रमुख लोगों की रही उपस्थिति, भक्तों ने साझा की आस्था इस ऐतिहासिक आयोजन में शहर के कई प्रमुख लोग भी मौजूद रहे। डॉ. पवन कुमार मिश्रा, ज्ञानचंद लुनिया, अतुल देशलहरा, सतीश जैन, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष ब्राह्मण समाज बंटी तिवारी, रघुराज सिह, मुकेश बैध, सुरेश मोदी, पूर्व पार्षद उमंग पांडेय, डॉ आशीष मिश्रा, डॉ श्रद्धा मिश्रा, गिरिराज दास वैष्णव, हरे कृष्ण शुक्ला, नीलकंठ चंद्रवंशी, रामकृपेश्वर उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, हरिहर उपाध्याय, पीयूष सिह ठाकुर, सौरभ सिह, रमेश पांडे सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आयोजन में सहभागिता की।

### कोलकाता के फूलों से सजा मंदिर, वातावरण बना भक्तिमय

मंदिर को इस बार कोलकाता से मंगवाए गए विशेष फूलों से सजाया गया था। रंग-बिरंगी सजावट ने श्रद्धालुओं को स्वर्गिक अनुभव दिया। हर कोना, हर दीवार प्रभु की भक्ति में रमा दिखा। वही भगवा बाइक रैली ने शहर को किया राममय युवाओं द्वारा निकाली गई भगवा बाइक रैली ने पूरे शहर को राममय बना दिया। कवर्धा की गलियों से गुजरती यह रैली श्रद्धा, जोश और धर्मनिष्ठा का अद्भुत संगम थी। और मंदिर समिति ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका आयोजन को भव्य बनाने में मंदिर समिति की सक्रिय भूमिका रही। समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, सचिव संतोष सोनी, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश श्रीवास्तव और संजय दुबे सहित समस्त पुजारीगण व कार्यकर्ताओं ने दिन-रात परिश्रम कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने कहा रामनवमी केवल उत्सव नहीं बल्कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। यह आयोजन हमारी संस्कृति, मर्यादा और धर्म का उत्सव है।

## खबर संक्षेप

### एक करोड़ प्रीमियम पूर्ण करने मे सफल रहे भरत लाल चन्द्रवंशी



कवर्धा। भारतीय जीवन बीमा के अभिकर्ता भरत लाल चन्द्रवंशी ने अपने एजेंसी कैरियर में इतिहास रचते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम बार एक करोड़ प्रीमियम पूर्ण करने मे सफल रहे भरत लाल चन्द्रवंशी इस लक्ष्य को प्राप्त करने वाले वह कवर्धा के प्रथम अभिकर्ता है उसकी यहा शानदार उपलब्धि के लिये संपूर्ण करने के लिए कवर्धा संपर्क शाखा कवर्धा की ओर से बहुत बहुत बधाई दी।

# ग्रीष्मकालीन धान की फसल किसानों के खेतों में हरा भरा होकर लहलहा रहे है धान



■ ग्रीष्मकालीन धान के पौधे में दूध भराई शुरू ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इन समय ग्रीष्मकालीन धान की फसल किसानों के खेतों में हरा भरा होकर धान की फसल तैयार हो रहे हैं और धान के पौधे में दूध भराई होने लगे हैं जो अब धीरे धीरे बालियां भी निकलने के कगार पर आ गई है जनकारी के अनुसार वर्तमान में हाइब्रिड धान में बाली निकल भी आए हैं आने जाने वाले राहगीरो खेतों में लहलहाती धान की फसल को देखकर चलने वाली राहगीरो कुछ देर रुक कर प्रसन्न भाव से देख रहे हैं यह धान का फसल सहज रूप से आकर्षित कर रहा है धान के पौधे में दूध भराई के बाद धान की बाली नीचे की होकर लहलहाती हुई दिखाई दे रही है ऐसे प्रतीत हो रहा है जैसे धान के खेतों में हरा भरा हरियाली छाई हुई है मानोकि सावन का महीना जैसे प्रतीक दिखाई दे रहे हैं जो अब अप्रैल माह तक धान की फसलों में बाली निकल जाने की संभावना है और वही मई जून तक धान की कटाई चलने की संभावना बनी हुई है और ग्रीष्म कालीन धान की फसल बहुत जल्द किसानों के हाथों में आ जाने की संभावना बनी हुई है यह नजारा बरबसपुर डबराभाट जेड़वन खुर्द गाँव की एक उदाहरण शानदार प्रस्तुति है।

# कोलेगांव व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किया जंवारा विसर्जन व रामनवमी पर्व बड़ी धूम-धाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत कोलेगांव के मां महामाया के साथ-साथ महा सिंह चौहान, भगत राम साहू, जनक राम साहू के जोत जवारा विसर्जन किया गया साथ ही साथ आसपास के ग्रामीण गांव, घोरपेण्ड्री, बसनी, खैलटुकरी, रेहुँटा, धनेली, भगतपुर, कंझेटा, मोहतरा कला, दामापुर, रूसे, कुंडा सहित ग्रामो में जवारा विसर्जन बड़ी धूमधाम से व विधि विधान से पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान माता का एक झलक पाने के लिए घर-घर के सामने चौक पुर कर माता से आशीर्वाद लेने के लिए था ली पर थाली पर पूजा का सामग्री रख कर माता से आशीर्वाद अपने गांव के सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया व ग्रामीण अंचलों में प्रभु श्री राम जी का जन्मोत्सव रामनवमी भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया ग्रामीण क्षेत्र में रामनवमी जिसे श्री राम जन्मोत्सव के रूप में भी जाना जाता है, भगवान राम के जन्म की याद में मनाई जाती है, जो हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के सातवें अवतार माने जाते हैं। और भगवान राम त्रेतायुग में अवतरित हुए। भगवान राम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी के दिन हुआ था। जिसका उद्देश्य रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा अधर्म का नाश करके धर्म की स्थापना करना था। शास्त्रों के अनुसार प्रभु राम ने लंका पर विजय प्राप्ति के लिए देवी दुर्गा की उपासना की थी। अतः चैत्र नवरात्रि के बाद रामनवमी मनाई जाती है। रामनवमी का पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। सनातन धर्म में यह दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन लोगों की आस्था के केंद्र भगवान श्रीराम का जन्मदिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर और मठों में पूजन और यज्ञ किए जाते हैं। साथ ही कई जगहों पर लोग भंडारे के रूप में प्रसाद का वितरण भी किये। इसके साथ ही इस दिन नवरात्र की भी समाप्ति हुई।

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. . . . . . ब 121 / वर्ष 2024-25

आवेदक रामसिंह धुर्वे पिता सोनराज जाति गोड निवासी बांगर तहसील कुकदूर जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम बांगर प.ह.नं. 04 को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामसिंह धुर्वे पिता सोनराज जाति गोड निवासी ग्राम बांगर तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरे **माँ लीलावती पति सोनराज का मृत्यु दिनांक 10/06/1995 को ग्राम बांगर** में हुआ है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 09/04/2025 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 26/03/2025
पेशी दिनांक 09/04/2025

मुहर
नायब तहसीलदार
कुकदूर

# हाईमास्ट लाइट लगाना भूले जिम्मेदार चबूतरा बना शोपीस गाँव के धार्मिक स्थलों व चौक चौराहे पर छा रहा है अंधेरा



हरिभूमि न्यूज बरबसपुर। सरकारी काम में अधिकारियों के उदासीनता किस कदर भारी पड़ती है इसे जिले के कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर बीजाझोरी जेवड़न खुर्द बांझीमौहा सारंगपुर खुर्द डबराभाट में सौर ऊर्जा योजना के तहत हाई मास्टर लाइट का चबूतरा बनाकर छोड़ देने से समझा जा सकता है पिछले एक दो साल पहले हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए सौर ऊर्जा के तहत चबूतरा निर्माण कराया गया जो अब तक जिम्मेदारों के उदासीनता के चलते लाइट नहीं लग पाया है जिसे ग्राम पंचायत बरबसपुर और डबराभाट के धार्मिक स्थल मेला स्थल सतनाम मंदिर परिसर व अन्य गांव के चौक चौराहे पर दिन ढलते ही अंधेरे के आगोश में समा जाता है तथा अंधेरा कायम हो रहा है चबूतरा ग्रामीणों के लिए मात्र शो फीस बनकर रह गया है तथा धार्मिक स्थलों पर अंधेरा छाया हुआ है लाइट लगाने की ओर न क्रीड़ा सौर ऊर्जा विभाग ध्यान दे रहा है और ना स्थानीय तथा जनप्रतिनिधियों इस ओर जिम्मेदारो की उदासीनता का उजागर हो रहा है यदि जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान देकर हाई मास्ट लाइट का निर्माण कर दिया जाए तो दर्जनों गांव में बने चबूतरा मे हाईमास्ट लाइट से धार्मिक स्थलों और चौक चौराहे में दूधिया रंग का उजाला से रोशन हो सकता है ।

# श्रीमद्भागवत महापुराण में एक बार भी राधा नाम नहीं पंडित भगवत शास्त्री




हरिभूमि न्यूज कुण्डा। समीपस्थ ग्राम किशुनगढ़ में श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन सुकृत फाल्योदय स्वरुप संतराम जायसवाल श्रीमती प्यारी बाई, तुलश जायसवाल, श्रीमती श्याम बाई के निज निवास में विगत 2 अप्रैल से आयोजित है कथा के पंचम दिवस में कथा व्यास पंडित भगवत दुबे ने कथा प्रसंग में बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण के आदि व्यास वेदव्यास जी भगवान शंकर के परिवार में हिमालय के तराई में माढ़ ग्राम जाकर गणेश जी से अनुनय किया कि वह महापुराण का लेखन कार्य करें अतः श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रथम वक्ता वेदव्यास जी एवं रचयिता श्री गणेश जी है उन्होंने कथा प्रसंग में बताया कि वेदव्यास जी राधे रानी को अपने गुरु मानते थे और गुरु का नाम लेना अथवा लिखना सर्वथा उन्होंने अनुचित माना इसलिए श्रीमद् भागवत महापुराण में कहीं भी राधा नाम नहीं लिखा पंचम दिवस के कथा प्रसंग में चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी तिथि के पावन प्रसंग में एवं रामनवमी के उपलक्ष में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी के जन्मोत्सव के कथा को व्यासजी के द्वारा सहज सरल एवं ग्रामीण जनों के समझ के अनुसार बहुत ही सुंदर ढंग से व्याख्या किया साथ ही साथ उनका एक विशेषता कि वह कभी संगीत एवं साज सज्जा के साथ व्यास पीठ पर नहीं बैठे इस पर उनका मानना है कि इससे हम श्रोताओं को कथा सारांश कम बता पाते हैं कार्यक्रम में जनक राम श्रीमती सुशीला बद्री, श्रीमती फूलबाई कुमार, श्रीमती संतोषी बाई बाबा, श्रीमति श्रुति सुनील ,श्रीमती सुनीता सनत, श्रीमती ललिता मुकेश, श्रीमती रानी श्रवण, श्रीमती बीना के साथ ही साथ गंगाराम श्रीमती चंपाबाई सुरेश, श्रीमती शैली बाई बाबूराम, श्रीमती संतोषी बाई आदि के साथ ही साथ परिवारजन एवं ग्रामवासी जन अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं इस कार्यक्रम के आयोजन से ग्राम किशुनगढ़ के साथ ही साथ आसपास में श्रद्धामय भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

# एक दिवसीय पंडरिया प्रवास के दरमियान विभिन्न कार्यक्रमों में अर्जुन तिवारी ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



पंडरिया-प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री, तथा पंडरिया जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन तिवारी शनिवार 5 अप्रैल को आदिशक्ति माँ दुर्गा के उपासना के पावन पर्व चैत्र नवरात्र के अष्टमी को तिवारी सर्वप्रथम अपने गृहग्राम किशुनगड़ पहुंच कर ग्राम में विराजित माँ महामाया देवी का आशीर्वाद लिए वे देवी मन्दिर में पूजा-अर्चना कर ज्योति कलश तथा जंवारा दर्शन कर मातारानी से आशीर्वाद लिए व क्षेत्र की खुशहाली उन्नति एवं तरक्की का कामना किए। तत्पश्चात तिवारी का आगमन नगर के विश्राम गृह में हुआ जहां वे कांग्रेस जनों से भेंट-मुलाकात कर उपस्थित लोगों का कुशलक्षेम जाने इस दरमियान क्षेत्र के निष्ठावान एवं ईमानदार व पार्टी के वफ़ादार कार्यकर्तागण मौजूद रहे। वही श्री तिवारी का आगमन पांडातराई नगर में हुआ जहां वे माता महामाया देवी मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लिए मातारानी से क्षेत्र की खुशहाली एवं बरकत की कामना कर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात किए। व श्री तिवारी ग्राम महली पहुंचे जहां वे कांग्रेस जनों से मुलाक़ात कर देर रात अपने गृहग्राम किशुनगड़ में रात्रि विश्राम किए। इस दौरान क्षेत्र के देवतुल्य जनता सहित पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है : बालमुकुंद

# भाजपा मण्डल कुण्डा ने पार्टी का मनाया मुख्यालय में स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



भाजपा मण्डल कुण्डा ने मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया 6 अप्रैल 2025 को जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के अगवाई में भाजपा मण्डल कुण्डा ने मुख्यायल में संचालित जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र में भारतीय जनता पार्टी का 45 वां जन्मदिवस मनाया कार्यक्रम के पूर्व भारत माता के छाया चित्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य के जनक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रथम अध्यक्ष भारत रत्न अटल बिहारी की छाया चित्र में माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ समृद्धि एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लिए लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन किया गया चंद्रवंशी ने कहा अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्टीय राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की है तथा भारतीय राजनीति को नई आयाम दिए। व इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी ने कहा भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से भाजपा गठन 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया जिसके प्रथम अध्यक्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी निर्वाचित हुए श्री चंद्रवंशी ने कहा कांग्रेस की एकाधिकार वाली एक दलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में जानी जाने वाली भारतीय राजनीतिक को भारती जनता पार्टी ने दो ध्रुवीय बनाकर एक गठबंधन युग के सूत्रपात में अग्रणी भूमिका निभाई एवं देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नित राजग शासन के दौरान रखी भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, युवामोर्चा उपाध्यक्ष रमन सिंह खनूजा, बूथ अध्यक्ष रामनाथ चंद्राकर, सूरज यादव, प्रेम कुमार चंद्राकर, कोमल साहू, गोपाल निषाद, शशांक शर्मा, लाला साहू, रोहित सारथी सहित उपस्थित थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नगर में सामूहिक उपनयन संस्कार आज

**कवर्धा।** ब्राह्मण समाज कवर्धा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 7 अप्रैल को स्थानीय नया विप्र भवन में सामूहिक उपनयन संस्कार का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय करेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित रहेंगी। सामूहिक उपनहन संस्कार के निर्धारित कार्यक्रम के तहत 6 अप्रैल को मण्डपाच्छादन का कार्यक्रम किया गया। इसी प्रकार 7 अप्रैल को देवतेला एवं चिकट तथा बटुक शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### पशु-पक्षियों के लिए लगाए गए सकारो

**कवर्धा।** राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला संघ के मार्गदर्शन में ओपन सीनियर स्काउट-गाइड टीम भोरमदेव ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम कवर्धा के रोवर्स/रेंजर्स ने पशु-पक्षियों को भीषण गर्मी में राहत पहुंचने लिए अपने-अपने घरों के छत पर, पेड़ पर, झाड़ियों आदि स्थानों पर सकोरा निर्माण कर पुण्य कार्य में सहयोग कर स्काउटिंग की पांचवे नियम स्काउट-गाइड पशु-पक्षियों का मित्र और पकृति प्रेमी होता है को चरितार्थ किया।

### अनदेखी: देख कर भी अनदेखी कर रहे अधिकारी, नहीं की जा रही कार्रवाई

# नो एंट्री जोन में बेरोकटोक फर्राटे भर रहे हैं भारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

बोड़ला के नेशनल हाईवे में रायपुर-जबलपुर और बिलासपुर-जबलपुर से आने जाने वाले भारी वाहन नो एंट्री होने के बाद भी आखिर किसके इशारे मे चल रहे है।

बिलासपुर से जबलपुर की ओर प्रतिदिन लगभग 200 माल वाहक ट्रक और हाईवा अभी कुछ महीनों से किसी बड़े प्रोजेक्ट के निर्माण में लगातार वलाए जा रहे है जो सीधे फ़ास्टरपुर, मोहगांव और सारंगपुर चौबड्डा से होते हुए बोड़ला एंट्री कर रहे है और इसकी मुख्य वजह ट्रक मालिक द्वारा टोल टेक्स की बचत करना बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि भले ही इस मानमानी से ट्रक मालिकों का फयदा हो रहा है लेकिन इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि कभी बोड़ला नगर के मिलन चौक में कलेक्टर का आदेश वाला बोर्ड लगा था जिस पर बड़े अक्षरों मे भारी वाहन निषेध आदेशानुसार जिला दंडाधिकारी कबीरधाम लिखा था। लेकिन अब वो बोर्ड ही उखाड़ कर गायब कर दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ रायपुर रोड से आने वाले कई वाहन सीधे भालूचुआ और मिनमिनिया होते हुए एंट्री कर रहे है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर प्रसाशन के नाक के नीचे से अवैध एंट्री करने वाले वाहनो पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। क्या अधिकारियों पर राजनीती दबाव है या वजह कुछ और है।



**सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ी आशंका, लोगों में चिंता**

मुख्य मार्ग को छोड़कर नो एंट्री मे एंट्री कर रहे माल वाहक व हाईवा वाहन सड़क दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। क्षेत्रवासियों की माने तो नो एंट्री जोन में ये भारी वाहन आबादी क्षेत्रों के बीच से चौबिसों घंटे फर्राटे भरते है। जिससे हमेशा सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से इस पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# भारतीय जनता पार्टी ने जिले में धूमधाम से मनाया अपना स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस पूरे जिले में धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया। सुबह भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा का ध्वज बांध कर स्थापना दिवस आयोजन की शुरुवात की। इस मौके पर राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। एक समय 2 सांसदों वाली पार्टी अपनी वैचारिक मजबूती के चलते आज लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार चला रही है। इसीलिए भाजपा अपना स्थापना दिवस बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मना रही है। आज भाजपा का हर कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अपने घर में भाजपा का झंडा लहरा रहे हैं। इसके बाद बूथ स्तर पर स्थापना दिवस मनाया जाएगा। आगामी 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। भाजपा के सक्रिय सदस्यों के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आने वाली 9 और 10 तारीख को होंगे। इस मौके पर भाजपा कार्यालय में भाजपा ध्वजों और रंगोली से विशेष सजावट भी की गई है। भाजपा कार्यालय के इस गरिमामयी आयोजन में वरिष्ठ नेता रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, स्थापना दिवस आयोजन समिति जिला संयोजक जसविंदर बग्गा, नपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, रूपेश जैन,पन्ना चंद्रवंशी, सुरेश दुबे, पवन जायसवाल, सतविंदर पाहुजा, राजा टाटिया, अजय ठाकुर, योगेश चंद्रवंशी, दुर्गेश अवस्थी, नवीन ठाकुर, दोनेश ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वृद्धाश्रम में फल और मिष्ठान्न वितरण

इसके बाद भाजपा की टीम ने वृद्धाश्रम में जाकर वृद्ध जनों के बीच फल और मिष्ठान्न वितरण कर स्थापना दिवस की खुशियां मनाई। इस मौके पर उपस्थित जनों को भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनसे आम लोगों को जोड़ने का संकल्प भी लिया गया।

### सभी मंडलों में मनाया जा रहा है स्थापना दिवस

भाजपा ने कवर्धा जिले और 14 मंडलों के साथ साथ बूथ स्तर पर भी प्रभारी नियुक्त किए हैं। जो हर घर में भाजपा झंडा लगाने के काम को देख रहे हैं। यही टीम गांव चलो अभियान के लिए भी प्रभारी बनाई गई है। जिसके तहत हर पदाधिकारी को अपने चिन्हांकित गांव में कम से कम 8 घंटे गुजारने हैं और पार्टी द्वारा बताए गए विभिन्न बिंदुओं पर कार्य करना है जिसका समापन शाम को गांव में लगाई गई चौपाल से होगा।

# धूमधाम से मनाया गया रामलला का जन्मोत्सव

## मंदिरों में गाए गए सोहर गीत, की गई मंगल आरती



■ नगर के राम मंदिरों में भक्तों की दिन भर लगी रही भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भए प्रकट गोपाला, दीन दयाला की स्तुति और घंटा घडिड़ाल, शंख ध्वनि और नंगाड़े के साथ रविवार की दोपहर नगर के रामजानकी मंदिर, मेकरी मंदिर, मठ मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर सहित अन्य देवालयों में भगवान रामजी का जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्मोपरांत मंगलआरती की गई और महिलाओं द्वारा सोहर गीत गाए गए। राज परिवार द्वारा संचालित नगर के राधा कृष्ण बड़े मंदिर में रामनवमी का पर्व परम्परागत ढंग से श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी ने बताया किए नवमी की दोपहर भगवान श्री बांकेबिहारी का श्रृंगार तथा पूजा अर्चना राम के रूप में किया गया। तत्पश्चात पंजरी, पंचामृत का प्रसाद वितरण किया गया। स्थानीय कचहरी पारा स्थित रामजानकी मंदिर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता जी का विशेष श्रृंगार मखमल के वस्त्रों व रजत आभूषणों से किया गया। जन्मोत्सव के दौरान मंदिर में शंखनाद एवं घण्टा ध्वनी के साथ मंगल आरती की गई। आरती पश्चात जहां भक्तों ने भए प्रकट कृपाला का स्तुति गान किया वहीं महिलाओं ने सोहर गीत गाए।

हटरी पारा स्थित मेकरी मंदिर में भी राम जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया गया। अपरान्ह 12 बजे घण्टा घडिड़ाल, शंखध्वनी तथा नंगारे के साथ रामजन्मोत्सव मनाया गया। तत्पश्चात पंजरी व मालपुआ का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। देवांगन पारा स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुंदरकाण्ड व रामरक्षा स्त्रोत के पाठ पश्चात सैकड़ों भक्तों की उपस्थित में रामस्तुति की गई। इस दौरान महिला समूह द्वारा भजन कीर्तन किया गया।

कवर्धा नगर की ही तरह नगर पंचायत पाण्डातराई, पंडरिया, स. लोहारा, बोड़ला, पिपरिया सहित अन्य ग्रामों में भी पर्व के मौके पर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राममंदिरों में श्रृद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।

### डीईओ को सौंपा गया क्रमोन्नति आवेदन



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी वाई. डी. साहू से मुलाकात कर क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का आवेदन सौंपकर शीघ्र ही लाभ प्रदान करने की मांग किया। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने शेष बचे शिक्षक एलबी संवर्ग से 7 व 8 अप्रैल को अपने पदानुरूप डीईओ, बीईओ, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय व डीडीओ में आवेदन जमा करने का आव्हान किया है।

# ज्योत जवांरा का किया गया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा सहित अंचल में शनिवार को महाअष्टमी के हवन पश्चात रविवार की सुबह से ही ज्योति जवांरा विसर्जन का क्रम प्रारंभ हो गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ मां के ज्योत विसर्जित किए। रविवार को नगर के मां महामाया, मां दुर्गा, मां सतबहिनिया एवं मां विन्ध्वासिनी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों के ज्योत विसर्जित किए गए। जिसमें मां की शक्ति और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिली। ज्योत ज्वांरा विसर्जन के दौरान कई भक्तों को भाव भी आए जिन्हें पण्डों द्वारा हूमधूप देकर शांत किया गया। मंदिर समीतियों द्वारा बकायदा बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर ज्योत ज्वारों को विसर्जन के लिए स्थानीय जलाशायों तक ले जाया गया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए और पूजा पाठ की। इसी प्रकार ग्रामीण अंचलों की बात की जाय तो यहां पूरे नौ दिनो तक चले नवरात्र पर्व के बाद अष्टमी को हवन पूजन, कन्या पूजन, कन्या भोज आदि कार्यक्रम आयोजित की नवमीं तिथि में स्थानीय देवी मंदिरों से बाजे-गाजे के साथ जसगीत गाते हुये ज्योति-ज्वांरा निकाले गए और उनका स्थानीय जलाशयों में विसर्जन किया गया।

# सड़क मरम्मत के नाम पर विभाग कर रहा सिर्फ थूक पालिस

## ग्राम कोलेगांव से अमलीमालगी सड़क का हालबेहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र की जर्जर और खस्ताहाल सड़कों के नवीनीकरण व मरम्मत की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार की जा रही है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से अमलीमालगी मार्ग की हालत बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो चुकी है और लगभग पूरे मार्ग का डामर उखड़ चुका है। जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाली क्षेत्र की इस बहुउपयोगी इस सड़क की स्थिति को देखते हुए क्षेत्रवासी लम्बे समय से शासन, प्रशासन तथा संबंधित विभाग से सड़क नवीनीकरण की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन सड़क का नवीनीकरण कार्य नहीं किया जा रहा है हां संबंधित विभाग सड़क की तथा कथित मरम्मत जरूर कर रहा है लेकिन यह मरम्मत के नाम पर थूक पालिस से कम नहीं है।

### डुमेन्द्र मेरावी एकलव्य विद्यालय में चयन



**स लोहारा।** छत्तीसगढ़ शासन के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेंगांव कवर्धा में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए चयन परीक्षा के टॉप-टेन में डुमेन्द्र मेरावी ने पूरे जिला में 9 वां स्थान प्राप्त कर परिवार जनों एवं सृजन पब्लिक स्कूल सहसपुर लोहारा शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। डुमेन्द्र शासकीय प्राथमिक शाला सारी मे पदस्थ शिक्षक निर्मल मेरावी-मेनका मेरावी के कनिष्ठ सुपुत्र है। डुमेन्द्र मेरावी के सुयश पर सृजन पब्लिक स्कूल सहसपुर लोहारा की प्राचार्या श्रीमती रेखा देवांगन एवं शिक्षक-शिक्षिकों एवं शुभचिंतकों ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी है।

### 4 महिलाओं व 5 पुरुषों ने पहली बार किया रक्तदान, चिकित्सकों का किया गया सम्मान

# कवर्धा जंक्शन ग्रुप की पहल रंग लाई, शिविर में 664 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रामनवमी, महावीर स्वामी जयंती और बैसाखी के उपलक्ष्य पर रायपुर व अन्य शहरों के से आए वरिष्ठ डॉक्टरों व कवर्धा जंक्शन के सहयोग से आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैम्प में 664 लोगों ने लाभ लिया वही 28 लोगों ने रक्तदान किया जिसमें महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर की शुरुआत प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना से की गई। सबसे से पहले श्री गणेश जी की आरती फिर विजय मंत्र का जाप दुर्गेश पांडे व यूवी उपाध्याय, नवकार मंत्र का जाप प्रणत सेठिया उसके बाद अरदास साची कौर बग्गा द्वारा कर शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें अन्य जिलों से पहुंचे मरीजों ने चेकअप कराया और विशेषज्ञ डॉक्टरों ने निःशुल्क परामर्श व उपचार दिया। शिविर के आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया और उन्होने इसका भरपूर लाभ उठाया।



### मरीजो को मिला बेहतर उपचार

*इस शिविर में किसी एक बीमारी का नहीं बल्कि हड्डी रोग, सर्जरी, स्त्री रोग, कैंसर, लिवर और गैस्ट्रो रोग, डायबिटीज, थायराइड, मोटापा, दंत रोग और नेत्र रोग जैसी कई बीमारियों के लिए एक बहुआयामी चिकित्सा समाधान प्रदान किया गया। शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले डॉक्टरों मे नील सिंह पसीजा हड्डी रोग विशेषज्ञ, सनी सिंह पसीजा सर्जन, इसप्रीत कौर स्त्री रोग विशेषज्ञ, सुप्रिया गुप्ता कैंसर एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, मनीष लूनिया गैस्ट्रो लिवर रोग विशेषज्ञ, तरुण मिश्रा एमडी (मेडिसिन), सुपर स्पेशलिस्ट डायबिटीज, थायराइड, मोटापा, नवल बैंस दंत रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ डुमेंश देवांगन, साईं बाबा आई हॉस्पिटल, नया राजेंद्र नगर, रायपुर नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल थे।*



## सार समाचार



### वंशिका को मिले 91 फीसदी अंक

**राजनांदगांव।** शहर की दीपिका विद्या मंदिर में कक्षा 6वीं में पढ़ने वाली वंशिका साहू ने वार्षिक परीक्षा में 91.3 फीसदी अंक हासिल किए। वंशिका साहू संतोष और संगीता साहू की पुत्री है।

### राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल स्पर्धा में गरिमा का चयन



**राजनांदगांव।** शहर के फुटबॉल प्रशिक्षक केन्द्र शॉकर ट्रेनिंग सेंटर की महिला फुटबॉल खिलाड़ी गरिमा श्रीवास का चयन मणिपुर में आगामी 10 अप्रैल को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। चयनित होने वाली गरिमा शहर की एकमात्र खिलाड़ी है। गरिमा का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। गरिमा खेलो इंडिया और कई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है और जिले तथा प्रदेश का नाम रौशन कर रही है। गरिमा इससे पहले भी कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है और अपने खेल कौशल का जौहर दिखा चुकी है। इससे पहले सितंबर 2023 उड़ीसा के भुनेश्वर में आयोजित अंडर-17 महिला ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। 6वीं राष्ट्रीय खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023-24 में भी इनके उत्कृष्ट खेल के आधार पर इनका चयन हुआ था। इस प्रकार से गरिमा कई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी है।

### नाबालिग से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी का पतासाजी कर गिरफ्तार किया है। जिसके विरूद्ध कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 अप्रैल को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ गांव का पड़ोस में रहने वाला रिश्तेदार द्वारा अनैतिक कृत्य किया गया है। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में थाना से पुलिस टीम तैयार कर मामले में अग्रिम विवेचना करते मामला पंजीबद्ध होने के महज 18 घंटे के भीतर आरोपी का पता तलाश कर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया जाने बताने पर आरोपी देवनाथ मंडावी 52 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय समक्ष पेश करने बाद माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया।

### गैंदाटोला में बिजली की आंख मिचौली

**गैंदाटोला।** छुरिया क्षेत्र के गैंदाटोला एवं आसपास गांव के ग्रामीण व किसान बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं, जिस कारण किसान आंदोलन के लिए गांव-गांव में मीटिंग लेकर बिजली ऑफिस का घेराव करने मजबूर हो रहे हैं। लो-वोल्टेज एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर विरोध प्रदर्शन एवं चक्काजाम करने की तैयारी में है। गांव एवं आसपास के क्षेत्र में कई दिनों से बिजली की आंख मिचौली चल रही है। जिससे घरों में लगे पंखा व कूलर काम नहीं कर रहे हैं एवं व्यापार पर भी इसका सीधा असर पड़ा है। इलेक्ट्रॉनिक दुकान, रिपेयरिंग शॉप, फोटोकॉपी सेंटर एवं दैनिक जरूरत की चीजों से जुड़े व्यापार ठप पड़े हैं। जबकि गैंदाटोला एक बड़ा व्यापारिक केंद्र है।

## भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# स्थापना दिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को संध्या 7 बजे भाजपा कार्यालय में अपने आधार स्तंभ नेता श्रद्धेय स्व. शिवकुमार शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष ध्वजारोहण पश्चात एकता अग्रहरि द्वारा वंदे मातरम गान के साथ पार्टी के जयघोष के नारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की एवं भारतमाता की जयघोष के साथ अपने 46वें स्थापना दिवस को यादगार बनाने आगामी कार्ययोजना की प्रस्तावना भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने रखी। उन्होंने बताया कि इस बार की स्थापना दिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर जयंती तक मनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता देने का आह्वान किया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, योगेश दत्त मिश्रा, सौरभ कोठारी, नरेश बैद पतली, सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता, तरुण लहरवानी, हकीम खान, बृजमोहन जोशी, इरफान खान, रवि सिन्हा, हरीश शर्मा, बलवंत साव, मनोज निर्वाणी, रूपचंद भीमनानी, गिन्नी चावला, आकाश चोपड़ा, मधु बैद, शेखर यादव, चिंटू सोनकर, राजेश यादव, रमेश नारायणी, शैंकी बग्गा, राजा माखीजा, रघुवीर वाधवा, देवशरण सेन, जैनम बैद, संयम वेद, कमल सोनी, प्रकाश बिंदल, रमेश सोनवानी, गोलू सूर्यवंशी, नंदू भूतड़ा, अजीत जैन, सुमित आजमानी, याददास साहू, ईशान शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### योगदान देने का आह्वान

मीडिया सेल के अनुसार स्थापना दिवस पर पार्टी की आधार संरचना के बारे में श्रम कल्याण मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्र ने अपने विचार रखे। तत्पश्चात संतोष अग्रवाल एवं कोमल सिंह राजपूत ने पार्टी के संघर्षकाल को बताते आज की स्थिति पर अपनी बात रखी। तत्पश्चात पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने भी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते प्रत्येक कार्यकर्ता को सेवा पखवाड़े में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

## नर्मदा मंदिर में ज्योति कलश विसर्जित



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पर्व धार्मिक माहौल में मनाया गया। नौ दिन तक नर्मदा मंदिर माता के भक्तो से गुलजार रहा। हजारों श्रद्धालु माता रानी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पर्व के अंतिम दिवस रविवार को संध्या समय मां नर्मदा मंदिर में श्रद्धालुओ द्वारा प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ महिला सेवा मंडली जस गीत से यात्रा की अगवानी किया। विसर्जन कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु सामिल होकर अपनी आस्था प्रकट किया। मंदिर में इस बार 191 ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया था।

### आरटीई के तहत पंजीयन 8 तक

**राजनांदगांव।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सत्र 2025-26 के लिए छात्र पंजीयन के आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 8 अप्रैल तक कर दी गई है। वर्तमान में राजनांदगांव जिला अंतर्गत आरटीई के तहत कुल निजी स्कूल 175 संचालित हैं। जिले के पात्र बच्चे जो निजी विद्यालय में आरटीई पोर्टल के माध्यम से सत्र 2025-26 हेतु कक्षा नर्सरी, केजी-1 एवं कक्षा पहली में प्रवेश के इच्छुक है, ऑनलाईन पंजीयन नहीं करा सके हैं। उनके लिए ऑनलाइन पंजीयन हेतु पोर्टल की समय-सीमा बढ़ाकर 8 अप्रैल तक कर दिया गया है।




## खेलो इंडिया वुशु सिटी लीग का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** खेलो इंडिया के तहत संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में खेलो इंडिया वुशु सिटी लीग का रंगारंग और भव्य शुभारंभ संस्कार सिटी के प्राचार्य के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री एक्का ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना और उनकी सफलता की कामना की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलो इंडिया की इस महत्वकांक्षी योजना की प्रशंसा की।

इस अवसर पर संस्कार सिटी स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वुशु खिलाड़ियों द्वारा वुशु खेल के जबर्दस्त आत्मरक्षा, वेपन्स और सांडा फाइट प्रदर्शन ने समारोह में चार-चांद लगा दिए। इस अवसर पर ललित अग्रवाल, अतुल देशलहरा, रेखा तिवारी, अशोक पारख, विकास जोशी समेत अन्य लोग शामिल थे। उदघाटन समारोह में वुशु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सचिव डी. कोंडया ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ग्रास रूट लेवल से आ रहे खिलाड़ियों की इस पौध से संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में वुशु खेल के विकास में काफी सहयोग मिलेगा और यह खेल और इसके खिलाड़ी विशेष रूप से महिला बालिका खिलाड़ी सफलता की नई गाथा लिखेंगे।



पृष्ठ 11 का शेष

### सहकार से समृद्धि...

**केसीजी जिले में भी मिलेगी सुविधा**

मानपुर नाका, ढाबा, संबलपुर, भुरभुसी, पथर्रा, लक्ष्मणपुर, कोर्राव, भूलाटोला, गातापार जंगल, चिचोला, बरबसपुर, कुकुरमुड़ा, साल्हेकसा, जामगांव, ठाकुरटोला, दामरी, भरतपुर, धनगांव, बघमर्रा, दिलीपपुर, कुम्ही, नवागांवकला, मदराकुही, देवारीभाठ, महरूमकला।

**एमएमसी में भी डेढ़ दर्जन नई समिति**

वासडी, माडिंगपीडिंग भूर्सा, पुतरगांव, आलकन्हार, कुम्हली, टोहे, भावसा, दिघवाड़ी, सरखेड़ा, कंदाड़ी, गौलीटोला, आड़ेझर, दाउटोला, चिखली, रेंगाकठेरा, अरजकुंड, कोरचाटोला, मुड़पार में नई सहकारी समितियां बनाई जाएगी।

